

पेज -4 पर
सोनिया ने बढ़ाया मान राष्ट्रीय कराते टूर्नामेंट में जीती कांस्य पदक

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 163 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 18 अप्रैल 2023



बढ़ती गर्मी के मद्देनजर उमेश अग्रवाल ने स्कूलों के समय ...
पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


# 50 वर्ष पुराने जवाहर-गांधी उद्यान का होगा सौंदर्यीकरण

## भेंट-मुलाकात रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र : युवाओं को रोजगार दिलाने आईटीआई का होगा उन्नयन : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि युवाओं के रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए इस वर्ष बजट में आईटीआई के उन्नयन हेतु 1200 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इससे आईटीआई में रोजगार परक नये कोर्स का संचालन किया जाएगा।

जिससे युवाओं को आसानी से रोजगार मिल सकें। इसी तरह रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों के भी शहरी इंडस्ट्रीयल पार्क प्रारंभ किए जाएंगे। श्री बघेल आज रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के नगरवासियों से भेंट-मुलाकात में रूबरू होने के बाद संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई में बेहतर अवसर दिलाने के लिए नये-नये मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किये जा रहे हैं। हाल में ही चार नये मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की गई है। इसे मिलाकर अब 14 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे। मेडिकल की पढ़ाई के लिए सीटों की संख्या भी बढ़ जाएगी।




उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। जिला अस्पतालों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आसानी से चिकित्सा सुविधा दिलाने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना का लाभ 82 लाख लोगों को मिल चुका है। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, रायपुर उत्तर विधायक श्री कुलदीप जुनेजा, नगर निगम महापौर श्री एज़ाज़ ढेबर, नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद दुबे, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री की घोषणाएं

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में त्रिमूर्तिनगर वीरांगना अवंति बाई वार्ड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के रूप में उन्नयन करने और गंगानगर कुष्ठ बस्ती का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा की।

### एक नजर

## नारायणपुर ओरछा मार्ग पर ग्रामीणों ने की सड़क जाम



### ट्रकों की लगी लंबी लाइन, बाधित हुआ आवागमन

**नारायणपुर।** नारायणपुर ओरछा मार्ग पर मुंजमेटा के ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया है। खराब सड़क को लेकर ग्रामीणों ने सड़क बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने सड़क के दोनों तरफ ट्रकों की लाइन लगी है। आपको बता दें कि सड़क को लेकर 7 पंचायतों के सरपंच, ग्राम प्रमुखों और सैकड़ों ग्रामीण एकजुट होकर चेतावनी दी है।

### ग्रामीणों ने दी चेतावनी

ग्रामीणों ने कहा है कि अगर नारायणपुर-ओरछा सड़क की मरम्मत 3 दिन में शुरू नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन करेंगे। दरअसल, नारायणपुर-ओरछा मार्ग में माइंस की भारी वाहनों के चलने से सड़क का दम निकल गया है।

### 117 करोड़ से ज्यादा के विकासकार्यों की सौगात

# मुख्यमंत्री ने 84 नए सफाई वाहनों को हरी झंडी दिखाई

### मुख्यमंत्री ने नगर निगम रायपुर को 84 नए सफाई वाहनों की दी सौगात

रायपुर। बेहतर होगी शहर की साफ-सफाई व्यवस्थाबेहतर होगी शहर की साफ-सफाई व्यवस्थाबेहतर होगी शहर की साफ-सफाई व्यवस्थाबेहतर होगी शहर की साफ-सफाई व्यवस्थाबेहतर होगी शहर की साफ-सफाई व्यवस्थाबेहतर होगी



### बेहतर होगी शहर की साफ-सफाई व्यवस्था

शहर की साफ-सफाई व्यवस्था उत्तर रायपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान 17 अप्रैल को रायपुर शहर को 84 नए सफाई वाहनों की बड़ी खेप मिली। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज 10 करोड़ 12 लाख रूपए की लागत के इन छोटे-बड़े वाहनों का लोकार्पण किया। इन वाहनों के नगर निगम के सफाई बेड़े में शामिल हो जाने से निगम क्षेत्र में कचरा और अन्य दूसरे अपशिष्टों को इकट्ठा करने, उनका परिवहन करने और उनका निष्पादन करने में बड़ी सहुलियत होगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज 30 हाइड्रोलिक टिपर, 20 मिनी टिपर, 07 यूटिलिटी विकल्प, 05 वैक्यूम सक्शन मशीन, 01 चैन माउंटेड डिगर, 10 तीन क्यूबिक मीटर के हाइड्रोलिक टिपर, 03 मिनी पोकलेन, 01 टैक्टर संचालित वाटर कैनन सिस्टम, 06 कैंफर और 01 बोलेरो वाहन नगर निगम रायपुर को सौपे।






### सीएम भूपेश ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

# आरक्षण के संशोधित प्रावधान को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने का आग्रह





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर आरक्षण के संशोधित प्रावधान को संविधान की नौंवी अनुसूची में शामिल करने का अनुरोध किया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित आरक्षण विधेयक में कई वर्गों को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।


मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ की कुल आबादी में 32 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति, 13 प्रतिशत अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के 42 प्रतिशत लोग शामिल हैं। राज्य का 44 प्रतिशत भाग वनों से लदा है, और बड़ा भू-भाग दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से घिरा हुआ है। इन सब कारणों से ही राज्य के मैदानी क्षेत्रों को छोड़कर अन्य भागों में आर्थिक गतिविधियां संचालित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की 2012 की रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में गरीबों की संख्या देश में सर्वाधिक (40 प्रतिशत लगभग) थी। राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों की सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक दशा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों की तरह ही कमजोर है।

# फर्जी पत्र पर एफआईआर दर्ज : गृह विभाग के सचिव के नाम से पुलिस अधीक्षकों को जारी हुआ फेक लेटर

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार और गृह विभाग की छवि खराब करने के उद्देश्य से एक फर्जी पत्र सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है।




यह पत्र सभी पुलिस अधीक्षकों के नाम से छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग की ओर से जारी किया गया बताकर इस पर अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव के नाम का फर्जी हस्ताक्षर भी अंकित है। गृह सचिव को इस फर्जी पत्र की जानकारी मिलने पर अवर सचिव मनोज श्रीवास्तव ने रायपुर के राखी थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें




मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति की ओर से अवर सचिव के नाम और पदनाम का उल्लेख कर फर्जी दस्तावेज कूटरचित कर सोशल मिडिया में वायरल कर शासन और गृह विभाग की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। इस शिकायत के बाद राखी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 419, 469 भादवि का दण्डनीय अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

# प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मेंगर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है. सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं से लोग अब परेशान होने लगे हैं. दोपहर के वक्त ऐसा लगता है कि सूरज आग उगलने लगा है। छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों में तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रहा है. मौसम विभाग की मानें तो आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में और ज्यादा गर्मी पड़ सकती है.

### छत्तीसगढ़ के अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार

पिछले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ में लगातार तापमान बढ़ने लगा है. सुबह से ही लोगों को तेज गर्मी और धूप का एहसास होने लगा है. लोग सुबह से ही अपने चेहरे को कपड़ों से ढककर घर से निकल रहे हैं.



तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का घर से निकलना मुहाल कर दिया है. छत्तीसगढ़ के अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है. मैदानी इलाकों में गर्म हवा और गर्मी ज्यादा लग रही है। पिछले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान की बात की जाए तो प्रदेश के सभी संभागों मे विशेष परिवर्तन नहीं हुए. छत्तीसगढ़ के दुर्ग संभाग में सामान्य से अधिक और बाकि संभागो मे तापमान सामान्य रहा है।

# ईसाई धर्म अपना कर सरकार की सुविधाओं का दोहरा लाभ बड़ा मुद्दा- केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह

**रायपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह का कहना है कि छत्तीसगढ़ में जनजातीय सुरक्षा मंच व्दारा ईसाई धर्म अपना लेने के बाद उन लोगों को सरकार की सुविधाओं का लाभ नहीं मिलने की लगातार मांग उठाई जा रही है। जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत के नेतृत्व में इसी मांग को लेकर राजधानी रायपुर में विशाल रैली का भी आयोजन किया गया। रेणुका सिंह ने आज बगीचा में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि इसी मांग को जनजातीय सुरक्षा मंच के अलावा अन्य ट्राईबल मंच के व्दारा भी देश के अलग अलग राज्य से उठाया जा रहा है। आदिवासी वर्ग की सुविधाओं को लेने का यह एक बड़ा मुद्दा है। इस पर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री ही कोई निर्णय ले सकते हैं।



केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह रविवार को देर शाम बगीचा पहुंची थी। यंहा जिले के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद वो सामरबार गांव पहुंची ।इसके बाद पहाड़ी कोरवाओं का झुमराडूमर गांव पहुंच कर वंहा लोगों से मुलाकात की। इस गांव में एक पहाड़ी कोरवा दम्पति ने अपने दो नन्हे बच्चों के साथ आत्महत्या करने वाले परिवार के लोगों से भी मुलाकात कर काफी देर तक उनसे चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह आत्महत्या या हत्या का मामला है इस पर फिलहाल पुलिस जांच कर रही है लेकिन पहाड़ी कोरवा की तरह 75 विशेष संरक्षित जनजाति है जिनकी सुरक्षा और विकास को लेकर केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है।

### बिजली...

### छह वर्ष बाद मांग में 32 प्रतिशत का इजाफा

# बिजली की मांग 5700 मेगा वॉट के रिकार्ड स्तर पर, 3233 मेवा खरीद रहा छत्तीसगढ़

रायपुर ।बढ़ती हुई गर्मी के कारण बिजली की मांग में रिकार्ड तेजी आई है। 16 अप्रैल की रात को प्रदेश में बिजली की अधिकतम डिमांड 5696 मेगावाट दर्ज की गई।



पॉवर कंपनी ने पॉवर एक्सचेंज के बिजली क्रय कर विद्युत आपूर्ति बनाए रखा। यह प्रदेश स्तर पर अब तक की सर्वाधिक डिमांड का रिकार्ड है। 2017-18 में सर्वाधिक डिमांड 4318 मेगावाट थी। इस वर्ष उच्च मांग लगभग 5700 मेगावाट के स्तर तक पहुंच गई है। इस तरह बिजली की डिमांड में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी मनोज खरे ने बताया कि बिजली की बढती मांग की पूर्ति के लिये कंपनी प्रबंधन ने राज्य के समस्त विद्युत उत्पादन संयंत्रों को उच्चतम क्षमता पर चलाये जाने के निर्देश दिये हैं। इस मांग की आपूर्ति के लिए पॉवर जनरेशन कंपनी से 2505 मेगावाट बिजली प्राप्त हुई। राज्य शासन के अनुबंध के आधार पर केंद्रीय उत्पादन संयंत्रों से 2540 मेगावाट, आईपीपी (इंडिपेंडेंट पॉवर प्लांट) से 366, शार्ट टर्म ओपन एक्ससेस के माध्यम से 127 और पंजाब राज्य से बैंकिंग के माध्यम से 200 मेगावाट बिजली की उपलब्धता रही। इस तरह प्रदेश में सर्वाधिक डिमांड 5696 मेगावाट के विरुद्ध राज्य में 5738 मेगावाट विद्युत की उपलब्धता बनी रही। श्री खरे ने बताया कि इसके अलावा आपातकालीन व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को सतत् एवं निर्बाध विद्युत प्रदाय करने बिजली क्रय भी की जाएगी। इसके लिए आईईएक्स (इंडियन एनर्जी एक्सचेंज) के माध्यम से पॉवर एक्सचेंज से आवश्यकतानुसार बिजली क्रय करने का प्रबंध किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में 61.20 लाख निम्नदाब (घरेलू, कृषि व अन्य)उपभोक्ता हैं। साथ ही उच्चदाब उपभोक्ताओं की संख्या 3546 है।

### रायपुर में भाजपाइयों का बवाल

# थाने में लगा दिया कांग्रेस कार्यालय का पोस्टर, रोक नहीं पाई पुलिस

### लखमा और अमरजीत भगत पर FIR कराने पहुंचे

**रायपुर।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के साथ सिविल लाइन थाने पहुंचे। दरअसल पिछले दिनों कांग्रेस की शिकायत पर भाजपा नेताओं को पुलिस ने नोटिस भेजा था । इसका जवाब देने और अपना सियासी विरोध जताने के लिए भाजपा नेता तो सिविल लाइन थाने पहुंचे। बड़ी तादाद में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने थाने में जमकर हंगामा किया ।

हंगामा कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को भी पुलिस रोक ना सकी। स्थिति ऐसी भी बनेगी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाने में कांग्रेस कार्यालय का पोस्टर लगा दिया । प्रदर्शनकारी भाजपा नेताओं ने पुलिस थाने को कांग्रेस का कार्यालय इस वजह से बताया क्योंकि पिछले दिनों कांग्रेसियों की शिकायत पर भाजपाइयों को नोटिस जारी किया गया, कुछ के खिलाफ FIR भी दर्ज की गई थी। थाने में हो रहा बवाल पुलिस देखती रही मगर कांग्रेस कार्यालय वाला, पोस्टर लगाने से भाजपाइयों को रोक ना सके। सोमवार को यह सभी भाजपा कार्यकर्ता जिले के एकात्म परिसर भाजपा कार्यालय से नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकालकर सिविल लाइंस थाने पहुंचे थे।





# अर्थव्यवस्था : आर्थिक हिचकोलों के बीच सियासत और सरकार का गणित

भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद पुख्ता होने के तमाम दावों के बीच अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ष 2023-24 के लिए हमारी वृद्धि दर का अनुमान 5.9 फीसदी तक घटा कर आसन्न संकट का डंका पीट दिया है। इसकी वजह वैश्विक अर्थव्यवस्था की दर तीन फीसदी से घटकर 2.8 फीसदी रह जाने का नया अनुमान है। आईएमएफ के अनुसार, यों भी भारत में मुद्रास्फीति की दर पिछले 17 महीने से छह फीसदी या उससे ज्यादा ही है।

बजट दस्तावेज भी वर्ष 2023-24 में औसतन 5.3 फीसदी मुद्रास्फीति की आशंका जता रहा है। इस साल मानसून में भी करीब 10 फीसदी कमी के चलते महंगाई से निजात मुश्किल लग रहा है।

पिछले साल मानसून 106 फीसदी बरसा था, मगर इस साल मौसम विभाग ने उसके 96 फीसदी ही बरसने का अनुमान लगाया है। प्रशांत महासागर में अल नीनो से मानसूनी बारिश कम हो सकती है। मौसम विभाग 100 फीसदी से चार फीसदी अधिक अथवा कम बारिश को सामान्य ही मानता है, मगर बारिश में दस फीसदी की कमी के असर को किसान बखूबी समझता है। महामारी के दौरान लॉकडाउन के चलते ज्यादातर मुल्कों की वृद्धि दर नकारात्मक यानी शून्य से भी पांच से आठ फीसदी नीचे गिर चुकी है। तभी से दुनिया मंदी में जकड़ी हुई है। रेटिंग एजेंसी पीडब्लूसी यानी प्राइस वाटरहाउस कूपर्स का ताजा सर्वेक्षण भी भारत में अगले छह माह तक 63 फीसदी लोगों द्वारा खर्च में कटौती की चिंताजनक तस्वीर दिखा रहा है। हरेक वर्ग के उपभोक्ताओं से बातचीत पर आधारित यह सर्वेक्षण देश में 20 फीसदी लोगों द्वारा कंजूसी से खर्च करने की आशंका जता रहा है।

महंगाई पीड़ित अधिकतर लोगों ने अगले छह महीने तो सिर्फ खाने-पीने, स्कूल फीस, मकान किराये, बस-मेट्रो किराये, इलाज आदि जरूरी मदों में ही खर्च करने का रुझान दिखाया है। उनके अनुसार, मांग और खपत की भारी कमी से मंदे हुए धंधे ने जेब खाली कर दी है। उपर से महंगाई की मार कमर तोड़ रही है। मूडीज के अनुसार, वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दर 4.4 फीसदी तक गिरने से हालात बिगड़े हैं, जिन्हें चालू माली साल भी झेलेगा। वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 8.8 फीसदी बढ़ी थी, मगर भारी महंगाई ने मांग पर पानी फेर दिया। उससे उत्पादन में कटौती हुई, तो तीसरी तिमाही में वृद्धि दर आधी रह गई।



> खुदरा मूल्य आधारित मुद्रास्फीति मार्च में घट गई है, जिससे बेशक भाजपा को चुनाव में फायदा हो, पर यह सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है।

हमारी जीडीपी में 60 फीसदी योगदान मांग आधारित खपत का है। सो खपत घटी, तो वृद्धि दर भी गिरी! भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी खपत घटने पर चिंतित हैं, मगर वृद्धि का अनुमान 6.5 फीसदी लगा रहे हैं। जबकि विश्व बैंक भी इसका अनुमान 6.3 फीसदी तक घटा चुका है। केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति रोकने के लिए मई, 2022 से 31 मार्च, 2023 के बीच ब्याज दर में 250 बीपीएस का इजाफा कर चुका है। इससे मुद्रास्फीति तो घटी, पर कर्ज महंगा हो गया। सुस्त अर्थव्यवस्था में चुनावी मौसम में जान फूंकने के लिए रिजर्व बैंक ने इस महीने ब्याज दर और नहीं बढ़ाई। इससे रियल एस्टेट की खरीद-फरोख्त में तेजी की संभावना है। उससे बैंकिंग और कोर सेक्टर, जैसे-सीमेंट, इस्पात आदि उद्योगों का पहिया भी तेज घूम सकता है।

सरकार द्वारा मार्च, 2023 में जीएसटी की उगाही, ई वे बिल, बैंक से कर्ज की मांग तथा कार, दोपहिया की बिक्री में तेजी को खपत बढ़ने का संकेत बताया जा रहा है। मार्च में सरकारी विभागों और निजी संस्थानों में बजट खर्च करने की होड़ वैसे भी खपत बढ़ा देती है। इन्हें मांग में तेजी और मंदी की विदाई वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में मांग बढ़ने पर ही मानी जाएगी। मंदी को असल झटका गांवों में उपभोक्ता सामान की मांग बढ़ने पर लगेगा। फिलहाल पस्त पड़ी ग्रामीण मांग में तेजी रबी की फसल बिकने पर आ सकती है। खुदरा मूल्य आधारित मुद्रास्फीति फरवरी, 2023 में 6.44 से घटकर मार्च में 5.66 फीसदी दर्ज हुई है। इससे कर्नाटक की चुनावी राह भाजपा के लिए भले ही थोड़ी आसान हो जाए, मगर झटके खाती अर्थव्यवस्था से सरकार की चुनौतियां बढ़नी तय है।

अनंत मित्तल

## संपादकीय

### नामकरण की माया


राजनीतिक दलों की नजर सिर्फ वोट बैंक पर लगी रहती है, फिर इसके लिए चाहे जैसे भी हथकंडे क्यों न अपनाने पड़े । पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने शहरों और स्थलों के नया नाम देने पर टिप्पणी की हैं । वोटों के ध्रुवीकरण के मकसद से दायर की गई एक जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करके यह साबित कर दिया कि व्यर्थ के विवादों को जन्म देने से देश का भला नहीं होने वाला । यह याचिका भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि देश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक-धार्मिक स्थलों के मूल नामों का पता लगाने और उनके वर्तमान नाम से आक्रांताओं के नाम को हटाने के लिए एक नामकरण आयोग का गठन किया जाये । याचिका में यह भी कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट पुरातत्व विभाग को पुराने नामों को प्रकाशित करने के लिए निर्देश दें । याचिका को खारिज करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि यह उन मुद्दों को जीवंत करेगा, जो देश में बवाल करवा सकते हैं । फैसला सुनाते हुए बेंच ने कहा कि देश के इतिहास को उसकी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए छेड़न नहीं चाहिये । कोर्ट ने कहा, हिन्दू धर्म एक धर्म नहीं है बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है । इस धर्म में कोई कट्टरता नहीं है । खंडपीठ का कहना था कि अतीत को खोदने से केवल दुश्मनी ही पैदा होगी । शीर्ष कोर्ट के इस आदेश से स्पष्ट है कि नया नामकरण करने के निहित ! राजनीतिक स्वार्थ हैं । इसका मकसद वोट आधारित राजनीति है । राजनीतिक दल देश में मौजूदा समस्याओं के समाधान और विकास की नई तस्वीर पेश करने के बजाय जन भावनाओं को भुनाने के लिए ऐसे विवादित मुद्दे भुनाते रहे हैं ।

## जलवायु संकट के हालात में आर्थिक जरूरतों को पर्यावरणीय स्थिरता के साथ संतुलित करने की चुनौती

हर कोई यह जानता है कि जलवायु की लड़ाई भारत के बिना सफल नहीं होगी। हर कोई यह भी जानता है कि 1.4 अरब नागरिकों (जिन्हें ऊर्जा की जरूरत है) के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते हमें जीवाश्म ईंधन से खुद को दूर करते हुए मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। आने वाले दिनों में यह कटु सत्य और बेरहम होगा। हो सकता है कि इसको लेकर कठिन संवादों की भी जरूरत पड़े-न केवल समृद्ध देशों या ग्लोबल नॉर्थ में, जो इस गड़बड़ी के लिए बड़ी जिम्मेदारी वहन करते हैं, बल्कि भारत के भीतर भी।

उदाहरण के लिए, अमेरिका ने आज तक किसी भी दूसरे देश की तुलना में अधिक कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन किया है। 1950 तक आधे से अधिक वैश्विक कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन यूरोप से हो रहा था। पिछले केवल 50 वर्षों में ही दक्षिण अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में विकास ने इन क्षेत्रों के कुल योगदान में बढ़ोतरी की है।

लेकिन यह भी सच है कि भारत ग्रीनहाउस गैसों का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है, बावजूद इसके कि यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन तुलनात्मक रूप से कम है और गरीबों में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत अमीरों या यहां तक कि मध्यम वर्ग की प्रति व्यक्ति बिजली खपत के समान नहीं है। बिजली संकट के इस दौर में किसकी जरूरतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए-शहर या गांव की, किसानों या उद्योगों की जरूरतों को? उन सभी की मांगें प्रतिस्पर्धी हैं।



*जैसे-जैसे देश के बड़े हिस्से में पारा चढ़ता जा रहा है, बिजली को लेकर व्यापक चिंता शुरू हुई है। सरकार ने इस महीने से कोयले व तेल से चलने वाले जेनरेटरों को पूरी शक्ति से चलाने का आदेश दिया है, जिसका अर्थ है आर्थिक जरूरतों को पर्यावरणीय स्थिरता के साथ संतुलित करने की चुनौती।*

तापमान बढ़ते ही बिजली की खपत भी बढ़ रही है।

केरल में पहली बार दैनिक बिजली की खपत 10 करोड़ यूनिट का आंकड़ा पार कर गई है, क्योंकि अप्रैल में गर्मी का तापमान उच्च रहता है। 13 अप्रैल को केरल की दैनिक ऊर्जा खपत 10.3 करोड़ यूनिट थी, जिसने एक दिन पहले 9.84 करोड़ यूनिट के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) अगले सप्ताह बिजली की स्थिति की समीक्षा करने वाला है। यह भारत के मात्र एक राज्य का उदाहरण है, पर यह देश के समक्ष आनेवाली बड़ी चुनौतियों का आभास देता है, क्योंकि यह ऊर्जा परिवर्तन से जूझ रहा है। और 2070 तक नेट जीरो तक पहुंचने या कार्बन तटस्थ होने और ग्रीनहाउस गैसों में बढ़ोतरी न करने के साथ यह आर्थिक विकास लक्ष्यों को संतुलित कर रहा है।

जैसे-जैसे देश के बड़े हिस्से में पारा चढ़ता जा रहा है, और अत्यधिक गर्मी के पूर्वानुमान लगाए गए हैं, बिजली को लेकर व्यापक चिंताएं हैं।

पिछले साल, जब भारत चिलचिलाती लू की चपेट में था, तो देश में बिजली गुल हो गई थी। इसका कारण था-एसी का बढ़ता इस्तेमाल; कोविड के बाद अर्थव्यवस्था के खुलने से बिजली की मांग में वृद्धि; और यूक्रेन पर रूस के हमले के चलते कोयले की कमी, जिससे अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति बाधित हुई और कीमतें बढ़ीं। बिजली न रहने की स्थिति में समृद्ध एवं संपन्न परिवारों के लोग तो जेनरेटरों, इनवर्टरों तथा बैकअप के जरिये काम चला लेते हैं, लेकिन उन लोगों का क्या, जिन्हें ये सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं? यह प्रश्न हमें समानता और जलवायु न्याय के सबसे पेचीदा सवाल के आगे खड़ा कर देता है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा बढ़ रहा है।

भारत अभी स्थापित पनबिजली, पवन और सौर ऊर्जा के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है। लेकिन यह देश अब भी अपनी लगभग 70 प्रतिशत बिजली जरूरतों के लिए कोयले पर निर्भर है। सरकार ने अप्रैल से कोयले और तेल से चलने वाले जेनरेटरों को पूरी शक्ति से चलाने का आदेश दिया है। पूरी शक्ति से चलाने का मतलब देश की आर्थिक जरूरतों को पर्यावरणीय स्थिरता के साथ संतुलित करना होगा। भारत ने हरित ऊर्जा में अपनी ऊर्जा जरूरतों का रूपांतरण करना शुरू कर दिया है। इसने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी साझेदारी शुरू की है, जिसका उद्देश्य विकासशील देशों में सौर ऊर्जा का निर्माण करना है।

पत्रलेखा चटर्जी



## कर्नाटक में अमूल Vs नंदिनी विवाद के बीच

# राहुल पहुंचे मिल्क पार्लर, देसी ब्रांड को बताया बेस्ट

**बेंगलुरु.** कर्नाटक में मिल्क ब्रैंड अमूल और नंदिनी को लेकर भी राजनीति गरमाई हुई है. कांग्रेस गुजरात की अमूल कंपनी को प्रदेश में एंट्री देने का विरोध कर रही है. इसी बीच राहुल गांधी नंदिनी मिल्क पार्लर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने एक नंदिनी आइसक्रीम खरीदी और ब्रांड को कर्नाटक का गौरव बताया. उन्होंने कर्नाटक मिल्क फेडरेशन के प्रमुख ब्रांड नंदिनी को सर्वश्रेष्ठ करार दिया.

चुनावी राज्य कर्नाटक के 2 दिवसीय दौरे पर राहुल गांधी ने यहां एक नंदिनी स्टोर से आइसक्रीम खरीदी. उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार और पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल भी थे. राहुल ने ट्विटर पर अपनी फोटो शेयर करते हुए ट्वीट किया कि 'कर्नाटक का गौरव, नंदिनी सबसे अच्छी है.' विपक्षी कांग्रेस और जद (एस) ने कहा कि बीजेपी अमूल को कर्नाटक में अनुमति देकर नंदिनी को खत्म करना चाहती है.



### क्या है कांग्रेस का कहना?

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा था कि सरकार ने यह कदम उठाकर किसानों की मदद करने की कोशिश नहीं की है. उन्होंने कहा कि नंदिनी अमूल से एक बेहतर ब्रांड है. उन्होंने कहा- हम चाहते हैं कि हमारे अधिकार, हमारी जमीन, हमारी मिट्टी, हमारा पानी और हमारा दूध सुरक्षित रहे. मेरे किसानों को अच्छी कीमत मिलनी चाहिए. नंदिनी हमारी शान है. हमारे लोग वे नंदिनी से प्यार करते हैं. उन्होंने कहा- हमें गुजरात मॉडल नहीं चाहिए.

#### कर्नाटक सीएम ने क्या कहा?

कर्नाटक सीएम बसवराज बोम्मई ने इस मामले में कहा था कि अमूल ब्रांड को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है. हम नंदिनी ब्रांड को देश में नंबर वन बनाने के लिए उसे और भी ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनाएंगे. विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है. उधर, स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर का कहना है कि राज्य में नंदिनी के अलावा करीब 18 ब्रांड लंबे समय से बेचे जा रहे हैं. क्या अमूल बीजेपी का ब्रांड है और नंदिनी कांग्रेस का ब्रांड है?

## सुप्रीम कोर्ट- समलैंगिकों के विवाह के खिलाफ सरकार का तर्क

# शहरी अभिजात वर्ग की सोच पूरे समाज पर नहीं थोप सकते

> सरकार ने आवेदन में कहा है कि 'सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाएं पूरे देश की सोच को व्यक्त नहीं करती हैं बल्कि ये शहरी अभिजात वर्ग के विचारों को ही दर्शाती हैं। इसे देश के विभिन्न वर्गों और पूरे देश के नागरिकों के विचार नहीं माने जा सकते।'

नई दिल्ली. समलैंगिक विवाह के खिलाफ केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में नया आवेदन दायर किया है। इस आवेदन में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर विचार करने पर सवाल उठाए हैं। केंद्र ने कहा है कि शादी एक सामाजिक संस्था है और इस पर किसी नए अधिकार के सृजन या संबंध को मान्यता देने का अधिकार सिर्फ विधायिका के पास है और यह न्यायपालिका के अधिकारक्षेत्र में नहीं है।



### सुप्रीम कोर्ट में दायर हुई हैं कई याचिकाएं

बता दें कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 15 याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने इन याचिकाओं को पांच जजों की संविधान पीठ के समक्ष भेजने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट 18 अप्रैल को इन पर सुनवाई कर सकता है।

### केंद्र ने समलैंगिक विवाह को लेकर दिए ये तर्क

केंद्र ने आवेदन में ये भी कहा है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का व्यापक असर होगा और सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाएं पूरे देश की सोच को व्यक्त नहीं करती हैं बल्कि ये शहरी अभिजात वर्ग के विचारों को ही दर्शाती हैं। इसे देश के विभिन्न वर्गों और पूरे देश के नागरिकों के विचार नहीं माने जा सकते।

आवेदन में सरकार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट याचिकाओं की विचारणीयता पर विचार करे कि क्या इन्हें सुना जा सकता है या नहीं। कानून सिर्फ विधायिका द्वारा बनाया जा सकता है, न्यायपालिका द्वारा नहीं। याचिकाकर्ताओं ने एक नई विवाह संस्था बनाने की मांग की है, जो मौजूदा कानूनों की अवधारणा से अलग है। विवाह संस्था को सिर्फ सक्षम विधायिका द्वारा मान्यता दी जा सकती है।

## एक नजर

### भाजपा को झटका, पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार कांग्रेस में हुए शामिल



बेंगलुरु/नई दिल्ली। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। बेंगलुरु में कांग्रेस दफ्तर में उन्होंने पार्टी ज्वाइन की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता सिद्धारमैया, केसी वेणूगोपाल, रणदीप सुरजेवाला और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार मौजूद रहे। कांग्रेस में शामिल होने के बाद जगदीश शेट्टार ने कहा, कल मैंने भाजपा से अपना इस्तीफा दिया और आज मैं कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहा हूं। एक विपक्षी नेता के रूप में कई लोग हैरान हैं, पूर्व ष्टरूऔर पार्टी अध्यक्ष कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। भाजपा ने मुझे हर पद दिया है और पार्टी कार्यकर्ता होने के नाते मैंने हमेशा पार्टी के विकास के लिए काम किया है।

### यूएस में बर्थडे पार्टी में फायरिंग, 6 टीनएजर्स की मौत, शूटर भी नाबालिग था



वॉशिंगटन. घटना एक टीनएजर की बर्थडे पार्टी के दौरान हुई। 6 नाबालिगों के शव मैदान में देखे गए। आरोपी भी नाबालिग बताया जा रहा है। उसके गिरफ्तार होने या मारे जाने की खबर नहीं है। 'फॉक्स न्यूज' ने एक चश्मदीद के हवाले से बताया- डेडविले में एक बर्थडे पार्टी चल रही थी। इसे स्वीट-16 नाम दिया गया था। पार्टी खत्म होने को थी, तभी किसी ने फायरिंग शुरू कर दी। चंद मिनट में ही पुलिस वहां पहुंची। कुछ रिपोर्ट्स में मरने वालों की संख्या चार भी बताई गई है। हालांकि, चश्मदीद ने दावा किया कि पुलिस ने 6 नाबालिगों के शव बरामद किए हैं। एक पुलिस अफसर भी घायल हुआ है। डेडविले की आबादी करीब 3200 है।

## मशरूम लेने गए थे...

# ISIS ने 31 लोगों को उतारा मौत के घाट

**इस्लामिक** स्टेट समूह के संदिग्ध लड़ाकों ने सीरिया के 31 लोगों को मौत के घाट उतार दिया. ब्रिटिश के सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने भी चार चरवाहों की हत्या की जानकारी दी है और जिहादियों के दो लोगों के अपहरण की खबर सामने आई है. सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के मुताबिक हामा के पूर्व (मध्य शहर) के रेगिस्तान में मशरूम इकट्ठा कर रहे 31 लोगों को



मार दिया गया. हालांकि इससे पहले एजेंसी सना ने 26 लोगों के मरने की पुष्टि की थी. सीरिया 12 साल से युद्ध से जूझ रहा है और इसके चलते उसे भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में सीरिया के लोग रेगिस्तान में मशरूम इकट्ठा करते हैं और उनसे उच्च कीमत हासिल करते हैं. कहा जाता है कि सैकड़ों गरीब सीरियाई हर साल फरवरी से अप्रैल के बीच, रेगिस्तान या बादिया में मशरूम ढूंढते हैं. दरअसल इस मौसम में सीरिया में सब्जियां महंगी हो जाती हैं और सीरियाई लोग खाने के लिए मशरूम चुनने रेगिस्तान जाते थे. आकार और ग्रेड के आधार पर इन्हें 25 रुपये प्रति किलो तक बेचा जा सकता है.

### ISIS ले ली 200 अधिक लोगों की जान

जानकारी के मुताबिक जिहादियों ने रेगिस्तान को बारूदी सुरंगों से ढक रखा है. हालांकि लगातार अधिकारियों की तरफ से इस मामले में लोगों को चेतावनी दी जाती है लेकिन इसके बावजूद फरवरी से अब तक 200 से ज्यादा सीरियाई लोगों की जान जा चुकी है।

## आतंकी मॉड्यूल होने की आशंका

# गुड्डू मुस्लिम के पास हैं अतीक के आईएसआई नेटवर्क के राज

**लखनऊ.** माफिया अतीक अहमद का खास शूटर और राजदार गुड्डू मुस्लिम उसके आईएसआई नेटवर्क को संभालता है। गुड्डू को ये भी पता है कि अतीक पंजाब में किन असलहा तस्करों के जरिए आईएसआई की तरफ से भेजे हथियार मंगवाता था।



गुड्डू पिछले साल पांच संदिग्धों के साथ झांसी में एक हफ्ते तक ठहरा था। इस बारे में गहनता से पड़ताल हो रही है कि कहीं ये पांचों किसी आतंकी संगठन के माड्यूल या कोई बड़े अपराधी तो नहीं थे। जांच एजेंसियों के लिए पहेली बनता जा रहा गुड्डू मुस्लिम पिछले साल भी अपने पांच साथियों के साथ झांसी आया था।

# जिला खनिज न्यास संस्थान की शासी परिषद की बैठक संपन्न

## वर्ष 2023-24 के लिए विकास कार्यों की वार्षिक कार्ययोजना का हुआ अनुमोदन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।






जिला खनिज न्यास संस्थान की शासी परिषद की बैठक पदेन अध्यक्ष संजीव कुमार झा कलेक्टर की अध्यक्षता एवं लोकसभा सांसद ज्योत्सना महंत, महापौर राज किशोर प्रसाद, पाली तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा, कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर, रामपुर विधायक ननकीराम कंवर, पुलिस अधीक्षक उदय किरण, जिला पंचायत सीईओ,नूतन कंवर सहित खनिज न्यास के सदस्यों एवं अधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शासी परिषद की बैठक मे वर्ष 2023-24 के लिए विकास कार्यों की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले ने जिला खनिज न्यास संस्थान के संचालन के नियमों और प्रावधानों की जानकारी सभी सदस्यों को दी। उन्होंने कहा कि खनिज न्यास मद की 40 प्रतिशत राशि कोरबा जिले के लिए उपयोग की जाएगी। बैठक में सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, श्रीकांत सोनकर, कुलदीप सिंह कंवर, अमिता कंवर,मीरा रामशरण कंवर,अनुसुईया कंवर, शारदा मिंज, घासी गिरी गोस्वामी तथा रामभरोस राठिया उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर पाटले ने सदस्यों को समस्त एजेण्डाओं से अवगत कराया। एजेण्डा में खनन प्रभावित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र के व्यक्तियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में 595 ग्राम एवं 135 वार्ड कुल 730 ग्राम प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र हैं तथा 127 ग्राम अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र हैं। उन्होंने जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत उच्च प्राथमिकता एवं निम्न प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की जानकारी दी। जिला खनिज संस्थान न्यास के राशि के अन्य जिलों के अंतरण की जानकारी दी। जिसमें कोरबा जिला में कुल प्राप्त राशि का अंतरण 40 प्रतिशत, जांजगीर चांपा 10 प्रतिशत, सक्ती 10 प्रतिशत, बिलासपुर 10 प्रतिशत, मुंगेली 07 प्रतिशत, जशपुर 07 प्रतिशत, बेमेतरा एवं कवर्धा 06-06 प्रतिशत, गौरेला,पेण्ड्रा,मरवाही 04 प्रतिशत 24 दिसंबर 2022 से प्रभावी हैं। उन्होंने जिला खनिज संस्थान न्यास की राशि के अन्य जिलों के अंतरण उपरांत प्राप्त राशि की जानकारी दी। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2015-16 से लेकर 2022-23 तक मुख्य खनिज से प्राप्त राशि तथा गौण खनिज से प्राप्त राशि एवं व्यय राशि की जानकारी दी। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2015-16 से वर्ष 2021-22 तक के कार्यों की ऑडिट कराये जाने की जानकारी दी गई। बैठक में खनिज न्यास में सेटअप अनुसार भरे पद एवं रिक्त पदों की जानकारी दी गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023.24 की कार्ययोजना के विषय में चर्चा की गई तथा कार्यों का अनुमोदन किया गया। जिसमें अधोसंरचना अंतर्गत पुल.पुलिया सड़क उद्यान निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, तालाब निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, हाट-बाजार तटबंध निर्माण, यात्री प्रतिक्षालय, सीसी रोड, स्कूल अहाता, सांस्कृतिक भवन निर्माण आदि सुविधाओं के विस्तार, मुख्यमंत्री से भेंट मुलाकात के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित कार्यों, स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु चिकित्सक, एंबुलेंस, स्कूलों में अध्यापन व्यवस्था को बेहतर बनाने शिक्षकों की व्यवस्था, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज संचालन, आंगनबाड़ी केंद्रों में 01 से 05 साल तक के बच्चों को अण्डा एवं केला, शिशुवती एवं गर्भवती महिलाओं को विशेष आहार, पोषण पुनर्वास केंद्र में सुविधाएं बढ़ाने, कृषि एवं एलाइड क्षेत्रों, रोपणी एवं उद्यान, पशु एवं चिकित्सा, कौशल विकास, पर्यटन विकास, दिव्यांग एवं नि:शक्तजनों को उपकरण वितरण, कॉलेजों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक में सुविधाएं बढ़ाने, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में सुविधाओं के विस्तार, ग्रामीण अधोसरंचना लाईवलीहुड, आश्रम-छात्रावास, सभी थाना क्षेत्रों में मर्च्युरी, उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग की राशि में वृद्धि, हाथी प्रभावित क्षेत्रों, जनकल्याणकारी कार्यों सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया। बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को कौशल उन्नयन एवं रोजगार से जोड़ने के लिए खदानों में उपयोग होने वाले भारी वाहनों, आधुनिक मशीनों का प्रशिक्षण देने, खदान प्रभावित क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने, बाघमाड़ा जलाशय के पानी का उपयोग छोटी नहर के माध्यम से भुलसीडीहए बुंदेली आदि आसपास के गांवों तक पहुंचाने और मनरेगा, वन विभाग से कराने, हसदेव नदी सर्वमंगला के पास पक्का रपटा घाट के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में खनिज न्यास परिषद के सदस्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# समाचार सार

## बरातियों से भरी बस और ट्रैक्टर के बीच जोरदार भिड़ंत,8 घायल



**महासमुंद।** जिले में बीती रात भयानक सड़क हादसा हुआ है. जहां बस और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की भिंड़त हुई है. घटना में 7 से 8 लोग घायल हुए हैं. घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव ले जाया गया है। मामला तुमगांव थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, एनएच-53 पर कोडार काष्ठागार के पास बस और ट्रैक्टर के बीच जोरदार भिड़ंत हुई है. हादसे में 7-8 लोग घायल हुए हैं. सभी का इलाज जारी है. गनीमत ये है कि, घटना में किसी की मौत नहीं हुई. हादसा उस वक्त हुआ जब बरातियों से भरी बस पचरी से तुमगांव आ रही थी. वहीं ट्रैक्टर कोडार काष्ठागार से लकड़ी लेकर आ रहा था।

## महादेव घाट एनीकट में डूब रहा था युवक, पुलिस जवानों ने बचाया



**रायपुर।** महादेव घाट एनीकट में डूब रहे युवक की जान पुलिस जवानों ने बचाई है. जानकारी के मुताबिक डायल 112 को सूचना मिला कि एक व्यक्ति महादेव घाट एनीकेट के पास नदी के बीचो-बीच डूब रहा है. और मदद की गुहार लगा रहा है. जिस सूचना पर पुरानी बस्ती टाइगर वन और आजाद चौक मौके पर पहुंची और समय रहते युवक को बचा लिया। वही मौके पर उपस्थित लोगों ने डायल 112 का आभार व्यक्त किया है. युवक की जान बचाने में आरक्षक 619 अनिल चंद्राकर चालक बसंत कुमार साहू आईडी 871 एवं आजाद चौक टाइगर वन स्टॉप का विशेष योगदान रहा है.

## राइस मिल में लगी आग - कई सामान जलकर खाक



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के चंदखुरी गांव में स्थित राकेश राइस मिल भीषण आग लग गई। आग लगाने से मशीन और बारदाना, चावल और धान जलकर खाक हो गए। इसके बाद इसकी सूचना दमकल की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़िया मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं आग लगने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। मामला पुलगांव थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, देर रात चंदखुरी गांव में स्थित राकेश राइस मिल में आग लग गई है।सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़िया मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं आग लगने का कारण अज्ञात है बताया जा रहा है कि, राइस मिल शनिवार और रविवार दो दिन बंद रहती है। वहां दिन में केवल लोडिंग अनलोडिंग का काम होता है। राइस मिल में कर्मचारियों को छुट्टी के दिन भी काम पर बुलवाया था। फिलहाल पुलिस आग लगाने कारण पता कर रही है।

## मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली युवक की लाश, इलाके में फैली सनसनी



**रायपुर।** राजधानी के सरोना में एक मकान में युवक की संदिग्ध हालत में लाश मिली है. युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, डीडी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरोना के एक मकान में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है. बताया जा रहा है कि जिस रूम में युवक की लाश मिली है, उसका दरवाजा अंदर से बंद था. जिसके बाद स्थानीय लोग और पुलिस ने मिलकर दरवाजा तोड़ा और शव को बाहर निकाला. ये घटना हत्या है या आत्महत्या इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है.

# लायंस क्लब चांपा द्वारा टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन



**चांपा।** लायंस क्लब चांपा द्वारा दिनांक 15 अप्रैल को लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल चांपा में टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया गया जिसमें स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दो दिन तक चलने वाले इस वर्कशॉप में मास्टर ट्रेनर के रूप में लायन मनीषा घाटी (इंटरनेशनल ट्रेनर, कोलकाता) उपस्थित रहेंगी ।कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ( पूर्व डि्ग गवर्नर ) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन राजेश अग्रवाल (अध्यक्ष लायंस क्लब चांपा) ने की। इस अवसर पर लायन विजय अग्रवाल, लायन नंदकिशोर अग्रवाल, लायन कैलाशचंद अग्रवाल, लायन अजय गर्ग, लायन कामायनी दुबे, लायन मीना सिंग, विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित करके किया गया एवं सभी मंचस्थ अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसके पश्चात लायन राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में वर्कशॉप की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इसके पश्चात लायन रामप्रपन्न देवांग्न सचिव लायंस क्लब चांपा ने अपने उद्बोधन में सभी शिक्षकों से अपील की कि ये वर्कशॉप से लाभ लेते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए जागरूक करने को कहा। लायन मनीषा घाटी मास्टर ट्रेनर ने अपने उद्बोधन में दो दिवसीय वर्कशॉप के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं लायंस क्लब चांपा को इस आयोजन पर बधाई दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं से आह्वान किया कि वे इस वर्कशॉप का लाभ लेते हुए अपने व्यक्तित्व का विकास करें ताकि इसका लाभ बच्चों को मिले। कार्यक्रम को लायन विजय अग्रवाल, लायन कैलाशचंद अग्रवाल, लायन अजय गर्ग आदि ने भी संबोधित किया।

जिले में जनदर्शन से मिल रही लोगों को राहत

# प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

## जनदर्शन में कुल 120 आवेदन हुए प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर गुड्डु लाल जगत ने आज जनदर्शन में विभिन्न दुरस्थ क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आज जनदर्शन में कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए है।





जनदर्शन में आज तहसील पामगढ़ के ग्राम कोसा निवासी घासीराम मेहर अतिक्रमण हटाये जाने संबंधी आवेदन लेकर पहुचे जिस पर संयुक्त कलेक्टर ने तत्तकाल संबंधित तहसीलदार को कॉल कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जांजगीर निवासी गौरी शंकर बच्चे के इलाज कराने में आर्थिक रूप से अक्षम होने के कारण आर्थिक सहायता हेतु आवेदन लेकर पहुचे जिस पर संयुक्त कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई हेतु सीएमएचओ को निर्देशित किया। इसी प्रकार जांजगीर के निवासी कंचन ज्योति कंवर एवं अन्य के द्वारा स्थाई विद्युत कनेक्शन लगवाने, बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत पचौरी के सरपंच तालाब पट्टे के संबंध में शिकायत, अकलतरा निवासी देवेन्द्र बैस एवं अन्य के द्वारा धरसा मद की भूमि में अवैध भवन निर्माण में रोक लगाने, ग्राम मुनुन्द निवासी भरत लाल कुर्मी पीएम आवास, अकलतरा निवासी रेखासिंह अपने पेंशन प्रकरण का निराकरण करने एवं अन्य आवेदकों द्वारा पट्टा दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिस पर संयुक्त कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी प्रकार आज जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा पट्टा दिलाने, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आर्थिक सहायता, रोजगार प्रदाय करने, भूमि सीमांकन, राशनकार्ड, जाति प्रमाण पत्र सहित कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए। संयुक्त कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक सोमवार को 10:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री सड़क योजना के निर्माण में चल रही लापरवाही, जनपद सदस्य बोले गुणवत्ता नहीं सुधरी तो करेंगे पदयात्रा

दल्लीराजहरा। कुसुमकसा क्षेत्र में चिपरा, ककरेल और जुनवानी को जोड़ने तीन अलग-अलग मार्ग पर प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हाल ही में सड़क बनाई गई है। लेकिन इसकी गुणवत्ता बहुत खराब है। जिस पर कुसुमकसा के जनपद सदस्य संजय बैस ने सवाल उठाया है।



उन्होंने निर्माण स्थल पर मौका मुआयना कर वास्तविकता जानी और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में भी साझा किया है। जिसमें उन्होंने दिखाया है कि किस तरह सड़क बनने के बाद डामर के ऊपर मुरूम बिछाया गया है। जो कि साइड सोल्डर में बिछाने के लिए लाया जाता है और इस तरह मुरूम में फिसलकर वाहन चालक सड़क पर गिरने लगे हैं। जिससे आए दिन हादसा होने लगा है। जनपद सदस्य ने बताया कि कुसुम से चिपरा 37 लाख, कुसुम से ककरेल लगभग 43 लाख और कुसुम से जुनवानी तक 33 लाख में सड़क बन रही है। काम लगभग पूरे हो चुके हैं। लेकिन साइड में मुरूम बिछाने के दौरान लापरवाही बरती गई है। और सड़क पर बीचो-बीच बिछा दी गई है तो वहीं मटेरियल की गुणवत्ता भी खराब है। अभी से सड़क कई जगह उखड़ने भी लगी है। उन्होंने कहा है कि अगर कार्य की गुणवत्ता नहीं सुधारी गई तो फिर आसपास के ग्रामीणों के साथ इकट्ठा होकर पैदल यात्रा कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण की चौड़ाई भी पहले से बहुत कम है। तो मोटाई भी ठीक नहीं है। अभी से सड़क कई जगह धसने लगे हैं जबकि इसे बने हुए एक माह भी नहीं हुए। प्रधानमंत्री सड़क योजना बीईई श्री नामदेव ने बताया की मार्ग का निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है जल्द दूरस्थ कर दिया जायेगा।

# बिरनपुर में आज शाम शांति समिति की दूसरी बैठक आयोजित

## दोनों पक्षों के लोगों नें एक दूसरे को गले लगाया



**बेमेतरा।** बेमेतरा जिला के साजा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिरनपुर में आज शांति समिति की दूसरी बैठक आयोजित हुई। इस दौरान कलेक्टर पी. एस. एल्मा और पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलीसेला ने सगंठन प्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणजनों को आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारा व सद्भावना के साथ मानने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि आप सभी लोगों को आपसी भाईचारे के साथ मिल जुलकर रहना हैं। गांव में आर्थिक गतिविधियां फिर से शुरू करना है और गांव की स्थिति पहले जैसे सामान्य हों सके इसके लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में ग्रामवासियों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा की पिछली घटनाओं को भूलते हुए सभी मतभेदों को आपस में बैठकर सुलझाना है। कलेक्टर ने शांति समिति की बैठक में आगे भी सामाजिक सद्भावना-आपसी भाईचारे के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने समाज प्रमुखों से कहा बिरनपुर की घटना में शांति भंग करने में जो भी व्यक्ति शामिल हैं, उन सभी के विरूद्ध कानूनी कार्रवाही की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणजनों को शासन प्रशासन द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बैठक में डीआईजी पारुल माथुर अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर सहित समाज प्रमुख एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। बिरनपुर गांव के अंदर की बेरिकटिंग को हटाने का निर्णय लिया गया ताकि गांव के भीतर लोग अपने दैनिक क्रियाकलापो को सुचारु रूप से संचालित कर सकें। गांव के प्रवेश स्थल पर बेरीकेटिंग रहेगी जिस पर पुलिस तैनात रहेगी, बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। मंदिर में पूजा पाठ पूर्व की भांति होंगी एवं मस्जिद में नमाज अदा कर सकेंगे। गांव में पुलिस पेट्रोलिंग होती रहेगी ।ग्रामवासियों द्वारा निर्णय लिया गया की सभी लोग आपस में प्रेम भाव से मिलजुलकर रहेंगे

*दोनो पक्षों के लोगो ने मिलाया एक दूसरे के साथ गला

शान्ति समिति की बैठक में समाज प्रमुखों नें कहा की हम सभी लोग लंबे समय से एक साथ रह रहे हैं। पर्व त्यौहार भी साथ में मनाते रहे हैं, हम मतभेदों को साथ में बैठकर सुलझाएंगे और यह प्रयास करेंगे कि भविष्य में ऐसी परिस्थिति उत्पन्न ना हो। समाज के प्रमुखों और ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा अब सभी भाईचारे के साथ रहेंगे। बैठक में एक अद्भुत नजारा भी देखने को मिला जब दो पक्षों के लोगो में पिछली बातो को भूलते हुए आपसी भाईचारे के साथ एक दूसरे के साथ गला मिलाया। जिला प्रशासन के अपील के बाद दोनों पक्षो के लोग भाव विभोर हों गए और अपने पुराने समय को याद करते हुये उनके गले रुंध गए, उनके आँखों में आंसू आ गए और दोनों पक्षों के लोगों नें एक दूसरे को गले लगा लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि पुरानी बातों को भूलकर नई शुरुवात करेंगे बिरनपुर में पहली बैठक में मिलजुलकर निर्णय लिया गया था कि सभी मिलजुलकर शांति से रहेंगे। जिसका सकारात्मक परिणाम द्वितीय बैठक में देखने को मिला।

# भीषण गर्मी में भी रक्तदाताओं का जुनून एवं हेल्पिंग हैंड्स के हौसले से विशाल रक्तदान शिविर संपन्न

### विशाल मेगा ब्लड केंप में 129 यूनिट रायपुर और 25 यूनिट चांपा में हुआ संग्रहित

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




मेकाहारा हॉस्पिटल में हेल्पिंग हैंड्स क्लब द्वारा आयोजित मेगा ब्लड केंप में 129 लोगों ने किया रक्तदान रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि स्वास्थ मंत्री टी एस सिंह देव रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद सुनील सोनी विशिष्ठ अथिति विधायक कुलदीप जुनेजा,विधायक विकास उपाध्याय,रायपुर महापौर एजाज ढेबर,नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे रहे छाया विधायक कन्हैया अग्रवाल एडीएसपी ललिता मेहरा,

प्रतिष्ठित समाजसेवी सुनील रामदास अग्रवाल,करनी सेना के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह तोमर, छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर अध्यक्ष अमित गौतम, बड़े नामचीन डॉक्टर सहित जेसीआई रायपुर,रायपुर वेलफेयर फ ाउंडेशन, लॉयन्स क्लब, रोटरी क्लब, अग्रवाल समाज की अनेक संस्थाएं एवं अनेकों सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष सदस्य मौजूद रहे। स्वास्थ मंत्री टी एस सिंह देव ने हेल्पिंग हैंड्स परिवार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा उन्होंने रक्त मिलने में होने वाली दिक्कतों को बताते हुए कहा ब्लड की जरूरत इतनी ज्यादा है कि लोग को भटकना पड़ता है इधर उधर, आप लोगों ने इसका बेड़ा उठाया है। आप लोग बहुत ही बढ़िया कार्य कर रहे हैएइस मुहिम में हर कदम पर में आप सभी के साथ हमेशा हूंए यह नेक कार्य करने के लिए पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई। कार्यक्रम अध्यक्षता करते हुए सांसद सुनील सोनी ने हेल्पिंग हैंड्स के निरंतर कार्यों कि सराहना करते हुए कहा हेल्पिंग हैंड्स बलोदबजार में यह केंप करिए आपकी पूरी टीम वहा लेके आए वहा के ग्रामीण लोगो को इससे लाभ मिलेगा। मेरा पूरा साथ हमेशा आप लोगो के साथ है। विशिष्ठ अथिति विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा मेरे स्वागत के बजाए में आपकी टीम का स्वागत करना चाहूंगा और उन्होंने हेल्पिंग हैंड्स के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल का पुष्पगुच्छ भेट कर सम्मान किया आगे उन्होंने कहा कि आप लोग बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे है आप लोग को सरकार से जो साथ चाहिए बताना हर पल हम आप सबके साथ है। रायपुर पश्चिम विधायक विकाश उपाध्याय ने कहा जब किसी जरूरतमंद को कुछ नीड होती है तो यहां रायपुर में दानदाताओं की कमी नहीं है लेकिन दान को लेना और सही जगह देना इसके लिए में कहना चाहूंगा मुझे हेल्पिंग हैंड्स परिवार से अच्छा ऑप्शन कहीं नजर नहीं आ रहा सही हाथ तक मदद इनकी संस्था हमेशा पहुंचाती है और करोनाकाल से लेकर अभीतक लगातार ये निस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में लगकर लोगो की मदद कर रहे है।

महापौर एजाज ढेबर ने टीम की सराहना करते हुए कहा एक करोड़ रुपए दान करने से भी ज्यादा कीमती एक यूनिट रक्तदान है आप सभी लगे रहे आप सभी अच्छा कार्य कर रहे है। वहीं नगरनिगम सभापति प्रमोद डूबे ने बबीता अग्रवाल एवं प्रियंका उपाध्याय की प्रशंशा करते हुए कहा रक्तदान ही सच्ची सेवा है जरूरी नहीं कि आप सेना में रहकर ही देश सेवा करे आप देश के भीतर भी इस प्रकार रक्तदान कर मानव सेवा कर सकते हैं। छाया विधायक कन्हैया अग्रवाल ने हेल्पिंग हैंड्स द्वारा किए गए कारोनाकाल से लेकर अभी तक के कार्यों के बारे में बताते हुए पूरी टीम की प्रशंशा की। कार्यक्रम में मंचस अथिति के रूप में हेल्पिंग हैंड्स के संरक्षक बंटी सोनी,संरक्षक मनोज गोयल,हेल्पिंग हैंड्स क्लब के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल,सचिव उदित अग्रवाल,उपाध्यक्ष,रजत अग्रवाल,भारती मोदी,बबीता अग्रवाल,एकता मलिक रहे

कार्यक्रम में मंच संचालन अंकित चोधरी एवं प्रियंका उपाध्याय द्वारा किया गया। टीम की ज्योति अग्रवाल एवं बाबी राजपूत द्वारा शिविर में आने वाले सभी लोगो को गेट पर तिलक लगा कर एवं मानव सेवा माधव सेवा बेच पहना कर स्वागत किया जा रहा था। वहीं हर डोनर्स को सर्टिफिकेट एवं एक अच्छे संदेश के साथ गर्मी से पक्षियों को राहत दिलाने हेतु सिकोरा दाना दिया जा रहा था।

*हेल्पिंग हैंड्स के सभी सदस्यों का उत्साह देखते ही बनता था उनके उत्साह एवं उनके द्वारा किए जा रहे सम्मान कि तारीफ रक्तदाताओं द्वारा लगातार की जा रही थी। हेल्पिंग हैंड्स वूमेन विंग्स से दीप्ति अग्रवाल,रिद्धि अग्रवाल, सुनीता पांडे,गरिमा गोयल, रेखा सोनी हेल्पिंग हैंड्स के सभी स्तंभ अनूप अग्रवाल, शिवम् अग्रवाल,रमेश अग्रवाल,रिंकू केडिया, निखिल अग्रवाल,अमित केडिया बिल्हा,तरुण अग्रवाल बिल्हा,मयंक जैन भिलाई,राहुल अग्रवाल शक्ति,गौरव ठाकुर,नीलेश अग्रवाल,राकेश केसरवानी,लोकेश गर्ग,हिमांशु अग्रवाल,राहुल डनसेना,दलेश्वर रात्रे, अंकुर अग्रवाल,अमित साहू,साहिल शर्मा सहित मॉडल ब्लड बैंक की पूरी टीम मौजूद रही। हेल्पिंग हैंड्स परिवार के सभी सदस्यों ने अतिथियों सहित सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया एवं कहा को ये रक्त संग्रह ग्रामीण वर्ग के हर लोगो तक राहत पहुंचायेगा।*

## समाचार सार

### महंगी पड़ी स्टंटबाजी

## कार के विंडो से बाहर निकलकर बनाया रील्स... पुलिस ने की कड़ी कारवाई




**बिलासपुर।** कार में स्टंट करते रील्स बनाना युवकों को महंगा पड़ा, वीडियो वायरल होते ही एसपी संतोष सिंह के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने 10 हजार रुपए का चालान काटकर कार्रवाई की है। दरअसल कार में स्टंट करते युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसकी जानकारी एसपी संतोष सिंह को हुई, तो उन्होंने इसके जांच के निर्देश दिए। ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी नंबर CG-10 BK 9153 के मालिक तिफरा के विद्युत नगर निवासी अनूप डेविड को तलब किया। वह कार लेकर रविवार को ट्रैफिक थाने पहुंचा। उसकी कार में ब्लैक फिल्म भी लगी थी, जिसे थाने में ही उतरवाया गया और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 9 हजार 800 रुपए का चालान काटा गया। साथ ही युवक को नियमों का उल्लंघन नहीं करने की समझाइश भी दी गई। पुलिस ने अनूप से पूछताछ की तो उसने बताया कि, दो दिन पहले वह अपने दोस्तों के साथ बिलासपुर-कोटा रोड घूमने गया था। इस दौरान कार की खिड़की से बाहर निकलकर वह स्टंट कर रहा था। दूसरी कार में उसका दोस्त भी इसी तरह से स्टंट कर रहा था, और रील्स बना रहा था। जिसे उसने सोशल मीडिया पर वायरल किया था।

बहरहाल मामले में पुलिस अनूप के खिलाफ कार्रवाई कर उसके दोस्तों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## आरटीई सीटों में प्रवेश को लेकर मारामारी, 2613 सीटों के लिए 7 हजार 225 दावेदार

**कोरबा ।** शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत विद्यालयों में प्रवेश को लेकर अभिभावकों में मारामारी मची हुई है। इसकी वजह है रिक्त सीट कम और उम्मीदवारों की संख्या अधिक होना। इससे अभिभावकों की परेशानी बढ़ने वाली है। मनपसंद स्कूलों में प्रवेश के लिए जुगाड़ लगा रहे हैं। प्रथम चरण में निजी स्कूलों की ओर से सार्वजनिक की गई रिक्त सीटों की संख्या 2613 है। जबकि पंजीयन 7225 हुए हैं।

जिले में 301 निजी स्कूल संचालित हैं। इसमें 2613 सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। विभाग ने इन्हीं रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए अभिभावकों से आवेदन मंगाया है। निजी स्कूलों में नि: शुल्क अध्ययन कराने को लेकर मध्यम व गरीब परिवारों के मध्य होड़ मची हुई है। बड़ी संख्या में पंजीयन कराया गया। प्रथम चरण में 7225 पंजीयन हुए हैं। सबसे अधिक पंजीयन उन बड़े स्कूलों के रिक्त सीटों के लिए हुए हैं। जबकि इन्ही स्कूल प्रबंधनों ने रिक्त सीटों की संख्या कम है। ऐसे में 4612 बच्चे आरटीई के तहत प्रवेश से वंचित हो जाएंगे। इससे अभिभावकों की परेशानी बढ़ जाएगी।

## बंग समाज ने उल्लास से मनाया बांग्ला नव वर्ष

**कोरबा।** कोरबा शहर के निहारिका क्षेत्र में स्थित राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-2 स्थित दुर्गा पंडाल में नगर के बंग समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ बांग्ला नव वर्ष मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर बांग्ला रीति रिवाज के अनुसार शंख ध्वनि व उल्लू ध्वनि से की गई। डीएवी स्कूल कोरबा की शिक्षिका काकोली डे बाला ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक बच्चो और युवाओ ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया।

मंचीय कार्यक्रम में 30 से अधिक लोगो ने बांग्ला भाषा में अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें कविता पाठ, रविंद्र संगीत, नज़रुल गीति, श्यामा संगीत एवं नृत्य के साथ इंस्ट्रूमेंट प्ले का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति प्रख्यात तबला वादक डॉ.कुणाल दास गुप्ता के तबले की थाप और प्रसिद्ध संगीतज्ञ सुधीन दास के मधुर स्वर ने समां बांधा। बांग्ला नववर्ष के सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा संगीतज्ञ सुधीन दास एवं मनीषा दास ने तैयार की।

## बिजली कर्मियों को मिलेगा केशलेस मेडिकल व तीन प्रतिशत तकनीकी भत्ता

**कोरबा ।** छत्तीसगढ राज्य विद्युत कंपनी में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिये बहुप्रतिक्षित केशलेस मेडिकल सुविधा और सभी अभियंताओं के लिए तीन प्रतिशत तकनीकी भत्ता की घोषणा की गयी। साथ ही पुरानी पेंशन योजना लागू करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ नवीनीकृत ऊर्जा के क्षेत्र में भी अग्रणी बनेगा और इसकी तैयारी की जा रही है।

छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ द्वारा प्रदेश स्तरीय पावर इंजीनियर्स कोन्क्लेव 2023 का आयोजन रायपुर स्थित ललित महल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## दुर्ग माध्यमिक विद्यालय की प्रयोगशाला में हुई अनोखी




**दुर्ग।** तुला राम आर्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आर्य नगर दुर्ग के प्रयोगशाला में हुई अनोखी चोरी! हजारों के समान लेकर उड़ गए चोर! खिडकी को तोडकर प्रवेश कर प्रयोगशाला मे रखे सामानो की हुई चोरी, प्रयोगशाला मे रखे- 1,एसीड सांद्र HwSOy, HCL, HNOx करीबन 10 लीटर, 2.प्रकाशीय बैच 01 नग, 3.माइक्रोस्कोप 02 बडा 04 छोटा, 4.प्लास्टिक टेबल 06 बड़ा 11 छोटा, 5.पीतल का ड्रम 01 नग, 6.सिलिंग फेन 02 नग, 7.अनुमापन स्टैंड 06 नग, 8.गैस सप्लायर 06 नग, 9.09 वी से 12वी प्रोजेक्ट फाईल, 10.उत्तर पुस्तिका, एवं 11.कीचन के बर्तन की भी हुई चोरी! सभी सामानों की कीमत लगभग 48,000 रूपये आकी गई है, अज्ञात चोर द्वारा खिडकी तोडकर लैब मे प्रवेश कर सामानों को चोरी कर लिया गया! इस मामले में मोहन नगर थाने की टीम ने आरोपी को अपने हिरासत में लेने की तैयारी में जुटी है ।

## सोनिया ने बढ़ाया मान राष्ट्रीय कराते टूर्नामेंट में जीती कांस्य पदक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



स्टैर्स एंपावरिंग नेशनल स्पोर्ट्स प्रोमोशनल आर्गेनाइजेशन द्वारा नई दिल्ली में राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। नेतृत्व दल प्रमुख एवं स्टैर्स कराते छत्तीसगढ़ के प्रमुख खेत्रो महानंद ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के बच्चों से लेकर सीनियर वर्ग के लगभग 133 खिलाड़ी शामिल हुए थे। आत्मरक्षा के इस खेल में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया और ढेर सारा पदक अपने नाम किया।

देश की राजधानी नई दिल्ली इंडोर स्टेडियम में स्टैर्स एंपावरिंग नेशनल स्पोर्ट्स प्रोमोशनल आर्गेनाइजेशन द्वारा स्टैर्स नेशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2022-23 का आयोजन किया गया था। स्टेयर्स युवा मामलों और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त एक राष्ट्रीय खेल प्रचार संगठन है। जिनके द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कराते टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के कराते खिलाड़ियों ने क्रमशः 4 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 9 कांस्य पदक जीतकर अपने राज्य का नाम रौशन किया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय कराते टूर्नामेंट के लिए छत्तीसगढ़ के नवीन जिले सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला मुख्यालय सारंगढ़ के चौहनपारा रेंजरपारा, की बेटी सोनिया चौहान का चयन हुआ था। जिसने छत्तीसगढ़ के लिए खेलते हुए इस पूरे टूर्नामेंट में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य के साथ साथ पूरे सारंगढ़ जिले का नाम रौशन किया है। इस उपलब्धि के लिए सारंगढ़ के सभी जनप्रतिनिधियों विधायक उत्तरी जांगड़े, गनपत जांगड़े, अरुण मालाकार, नपा अध्यक्ष सोनी बंजारे, अजय बंजारे, पार्षद सरिता गोपाल आदि ने सोनिया चौहान को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए।

## सात जलाशयों के जीर्णोद्धार के लिए जल संसाधन को मिली 15.40 करोड़ की स्वीकृति

**कोरबा ।** पाली विकासखंड के ग्राम चैतमा में आठ साल पहले ध्वस्त वसुंधरा नाला का जीर्णोद्धार होगा। बांध के कायाकल्प होने से क्षेत्र के 250 हेक्टेयर खेतों में पानी पहुंचेगा। वसुंधरा नाला सहित जिल के सात जलाशयों के जीर्णोद्धार के लिए जल संसाधन को 15.40 करोड़ की स्वीकृति मिली है। लघु सिंचाई योजना के तहत पहले से निर्मित इन जलाशयों के मरम्मत के लिए वर्षों से राशि की मांग की जा रही थी। जिसकी स्वीकृति राज्य सरकार ने दे दी है इससे जिले के कुल कृषि रकबा के 11 प्रतिशत क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा।

पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम चैतमा मे सिंचाई विभाग ने सन 2006.07 में वसुंधरा नाला बांध का निर्माण कार्य प्रारंभ किया था। 2009.15 में बांध पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया। जल संसाधन विभाग के अनुसार 250 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकती है। विडंबना यह है कि आठ वर्ष पूर्ण होने के बाद भी इस डेम का लोकार्पण नहीं हो सका है और न ही एक बूंद पानी किसानों को मिल सका है। संबंधित विभाग की ओर से राज्य शासन को कई बार पत्र लिखा जा चुका था। अब जाकर शासन ने सुध ली है। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अकेले वसुंधरा नाला बांध के जीर्णोद्धार के लिए 2.50 करोड़ का अनुमानित व्यय तय किया गया है। बताना होगा कि जल संसाधन ने नहर के लिए जमीन का कुछ भाग अधिग्रहण किया है। जिस भाग को अधिग्रहित कर लिया है उसमें भी खुदाई का कार्य आधा अधूरा छोड़ दिया गया है। ऐसे में अतिरिक्त भूमि उपयोगहीन हो चुकी है। ऐसे में किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

किसानों की माने तो अधिग्रहित भूमि का मुआवजा मिल चुका है। नहर का कार्य पूर्ण होने से राहत मिल सकती है। बांध के उपर एक किलोमिटर तक नाला के दोनों किनारे में दीवार का भी निर्माण किया गया है।

## सक्ति के अखंड नवधा रामायण आयोजन का प्रथम पुरस्कार

### छुईया खमहिया की सोमनाथ कीर्तन मंडली को, पार्षद पुत्र गोविंद देवांगन के सौजन्य से दिया गया

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



सक्ति शहर के नवधा चौक में चल रहे अखंड नवधा रामायण आयोजन के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मानस मंडलियों को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया जाता है,तथा इस वर्ष भी इस आयोजन में प्रथम विजेता के रूप में छुईया खमियां की सोमनाथ कीर्तन मंडली ने अपने सुंदर प्रस्तुति दी जिसे प्रथम विजेता बनने का सौभाग्य मिला, तथा प्रथम विजेता का सम्मान सक्ति शहर के वार्ड क्रमांक- 12 के पार्षद पुत्र, भाजपा सक्ति नगर मंडल के महामंत्री तथा देवांगन समाज के उपाध्यक्ष गोविंद देवांगन की ओर से प्रदान किया गया इस अवसर पर सतीश देवांगन, देवेंद्र देवांगन, फणींद्र देवांगन, सोमू देवांगन, हेमंत देवांगन एवं रेखा देवांगन भी प्रमुख रूप से मौजूद थे, तथा विजेता बनने वाली कीर्तन मंडली को सभी उपस्थित जनों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आपकी सुंदर प्रस्तुति से इस अखंड नवधा रामायण कार्यक्रम में लोगों ने श्रवण किया है, तथा इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार के प्रायोजक गोविंद देवांगन ने कहा कि सक्ति शहर की यह अखंड नवधा रामायण अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से प्रसिद्ध है, तथा इस वर्ष 65 वें वर्ष का आयोजन था, जिसमें आयोजन समिति द्वारा प्रदेश सहित अन्य राज्यों की भी मानस मंडलीयो को आमंत्रित किया गया तथा पूरे क्षेत्र के लोगों ने इस अखंड नवधा रामायण का श्रवण किया तथा पूरे कार्यक्रम में लोगों की उपस्थिति गौरव का विषय है।

## दिव्यांगो को तपती धूप में दिखाया क्रिकेट का जलवा

### सक्ती में पहली बार व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



सक्ती में दिव्यांग लोगों ने व्हीलचेयर में बैठकर क्रिकेट खेला दिव्यांग जनों में छिपी खेल प्रतिभा को निखारने उनके उत्साहवर्धन के लिए सक्ती जिले में प्रथम बार राज्य स्तरीय दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।जिसमे इनके हौसले को देखते हुए चारों प्रतिभागी टीम के लिए इनाम रखा गया है। सक्ती के दिव्यांग व्हील चेयर क्रिकेट संघ जिला सक्ती के द्वारा दिव्यांग जन समाज की मुख्य धारा से जुड़ें और अपने आप को कम न समझे इस उद्देश्य से ऐसे प्रतियोगिता आयोजिन किया।

आयोजन की अध्यक्षता कर रहे नरेश गेवडिन ने कहा की दिव्यांग खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर दिया गया है, इनका खेल देखकर इनके हौसले का अंदाजा लगाया जा सकता है,व्हिलचेयर में बैठकर इनको बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग करते हुए देखना अद्भुत है,

विशिष्ट अथिति टीपी भावे सर ने कहा की दर्शकों में इनके मैच को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला, इनका खेल किसी सामान्य खिलाड़ी से कम नहीं था।

दिव्यांग व्हीलचेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष धनंजय यादव एवं प्रतियोगिता के कोच ओम नेताम ने बताया की मैच का शुभारंभ रायपुर और सक्ती टीम के बीच खेला गया, सक्ती नगर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता का पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम सक्ती में दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजन किया गया है। दो दिवसीय आयोजन में सक्ती, राजनांदगांव, कोरबा, रायपुर की कुल 4 टीम ने हिस्सा लिया है,फाइनल मैच में राजनांदगांव की टीम प्रथम विजेता रही,

सक्ती के समाजसेवी राजीव अग्रवाल ने बताया की यह प्रतियोगिता सक्ती जिले में पहली बार आयोजित की गई और लोगों की मानें तो दिव्यांग जन लोगों के उत्साहवर्धन हेतु हमेशा ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए, ताकि दिव्यांग जनों का मनोबल बढ़ता है। नवीन जिला सक्ती में दिव्यांगजन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता का यह पहला आयोजन है और खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखकर लगता है कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए ,

ताकि उनको अपना हुनर दिखाने का मौका मिले। कार्यक्रम में सफल बनाने के लिए निवेदिता फाउंडेशन, नवजीवन मुखबाधीर स्कूल सक्ती,समाजवादी पार्टी के सर्वेश गुप्ता,मिथलेश साहू,संजय कश्यप, चंदविजय जयसवाल,कोडके मौर्य,ईश्वर जयसवाल,बाबा देवांगन, डॉ आशुतोष जयसवाल,प्रताप अग्रवाल, मुल्लू ठाकुर, सोनू देवांगन,भुरू अग्रवाल।



वो तो है अलबेला में अपने किरदार को लेकर बोलीं प्रियंवदा

# आम नहीं खलनायक का किरदार

प्रियंवदा कांत, जो वर्तमान में शो वो तो है अलबेला में चमन बहार की भूमिका निभा रही हैं, ने अपने किरदार के बारे में बताया कि कैसे चमन बहार का किरदार अन्य सभी खलनायकों के किरदारों से अलग है। उन्होंने कहा चमन बहार आपके रोजमर्रा जैसे दिखने वाली लोगों की तरह नहीं है।

*वह बेहद चालाक और शातिर है। चेहरे से खुशमिजाज दिखनी वाली ये लड़की, मन में खतरनाक इरादे रखती है। प्रियंवदा को बैरी पिया, ससुराल सिमर का, सबकी लाडली बेबो, द बडी प्रोजेक्ट, तेनाली रामा, स्प्लिट्सविला 12, तेरा मेरा साथ रहे और कई अन्य में भी देखा गया था।*

*उन्होंने आगे कहा, चमन बहार की भूमिका निभाना मेरी सबसे अच्छी पसंदों में से एक रहा है, क्योंकि वह सामान्य विलेन नहीं है। मुझे अपने फैंस और दोस्तों से बहुत सारी प्रतिक्रिया मिली है, जो मुझे बताते हैं कि वे मुझे चमन बहार के रूप में देखना कितना पसंद करते हैं।*

*इस भूमिका को निभाना आनंददायक है, लेकिन यह मुश्किल भी है। वो तो है अलबेला स्टार भारत पर प्रसारित होता है।*

# टाइगर बनाम पठान को ग्लोबल बनाने की तैयारी में वाईआरएफ



पठान की सफलता के बाद आदित्य चोपड़ा ने स्पाई यूनिवर्स को ग्लोबल बनाने की तैयारियों में हैं। पिछले दिनों की गई उनकी घोषणा कि आने वाले समय में दर्शकों को इस बैनर की वॉर-2 के बाद टाइगर वर्सेज पठान देखने को मिलेगी जिसका निर्देशन वॉर और पठान का निर्देशन करने वाले सिद्धार्थ आनन्द करेंगे। वर्ष 2025 में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म को लेकर बॉक्स ऑफिस अभी से उत्साहित और आशान्वित नजर आ रहा है। पठान में सलमान खान के कैमियो को लेकर दर्शकों ने जो उत्साह दिखाया उसी के बाद निर्माताओं ने टाइगर बनाम पठान को एक साथ परदे पर लाने का फैसला किया। बताया जा रहा है कि आदित्य चोपड़ा की पूरी प्रोडक्शन टीम अब टाइगर वर्सेज पठान को ऐतिहासिक ब्लॉकबस्टर बनाने की तैयारी में है। इन्हीं चर्चाओं के बीच सिने गलियारों में बहती हवाओं ने दावा किया है कि टाइगर बनाम पठान को ग्लोबल फिल्म बनाने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है इस फिल्म में हॉलीवुड फिल्म एक्वामैन में एक्वामैन के रूप में नजर आए अभिनेता जेसन मोमोआ को बतौर खलनायक हिन्दी सिनेमा में पेश किया जाएगा। फिल्म में वह सलमान और शाहरुख से दो-दो करते हुए नजर आएंगे। इसके साथ ही हवाओं का यह भी कहना है कि टाइगर बनाम पठान की कहानी मार्वल स्टूडियो की फिल्म कैप्टन अमेरिका: सिविल वॉर की तरह होगी। जिसमें दो जिगरी दोस्त आयरन मैन और कैप्टन अमेरिका आमने-सामने थे, उसी तरह टाइगर और पठान भी आमने-सामने होंगे।

# आलिया भट्ट मेट गाला में करने जा रहीं डेब्यू, इस डिजाइनर के आउटफिट में आएंगी नजर



**बॉ**लीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट धीमे-धीमे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। उनकी पहली हॉलीवुड फिल्म इस साल रिलीज होने वाली है। बीते दिनों फिल्म आरआरआर की सीता के रूप में दुनियाभर के लोगों ने उनका अभिनय देखा। अब वह जल्द ही दुनिया के प्रतिष्ठित फैशन इवेंट मेट गाला में भी अपने डेब्यू करने जा रही हैं। इस साल मेट गाला के रेड कार्पेट पर उनकी मौजूदगी की पुष्टि हो चुकी है। मेट गाला 2023 के रेड कार्पेट पर आलिया अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इस मौके पर वह जाने-माने फैशन डिजाइनर प्रबल गुरुंग का आउटफिट पहनेंगी। उनके आउटफिट की जानकारी फिलहाल उजागर नहीं की गई है। आलिया पहले भी कई मौकों पर प्रबल की तैयार की हुई ड्रेस पहन चुकी हैं। प्रबल हॉलीवुड सेलिब्रिटी के भी खास आउटफिट तैयार कर चुके हैं। मेट गाला रेड में पहली उपस्थिति के दौरान आलिया के आउटफिट पर प्रशंसकों की भी खास नजरें हैं। कम ही भारतीय हस्तियां मेट गाला में नजर आई हैं। आलिया से पहले प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण मेट गाला में डेब्यू कर चुकी हैं। वे बीते कुछ सालों से यहां नजर आ रही हैं। मेट गाला 2023, 1 मई को आयोजित होने जा रहा है। यह दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित वार्षिक फैशन इवेंट है। यह कार्यक्रम अपने नए और रोचक परिधानों और फैशन चॉइस के लिए जाना जाता है।

इंटरनेट पर वायरल हुई फोटो

# पिंक ब्रालेट टॉप पहनकर पलक तिवारी ने दिखाया ग्लैमरस अवतार



एक्ट्रेस पलक तिवारी इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड पोस्ट से तहलका मचा रही हैं। इन दिनों एक्ट्रेस अपनी आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर चर्चा में हैं। सलमान खान की इस मूवी में पलक तिवारी रोल प्ले कर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग नजर आ रही हैं।

श्वेता तिवारी की बटी पलक तिवारी इन दिनों अपने स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस और ग्लैमरस लुक्स के कारण सुर्खियों में बनी हुई हैं। 22 साल की पलक तिवारी ने बेहद ही कम उम्र में इंडस्ट्री में अपनी अच्छी-खासी जान पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट लुक देख कर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अपनी लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पलक तिवारी ने पिंक कलर का ब्रालेट टॉप कैरी किया है, जिसका नेक काफी डीप है। एक्ट्रेस ने इसके साथ ही ब्लू डेनिम जींस और हाई हील्स पहनी हुई है। उनका ये लुक फैंस को बेहद शानदार लग रहा है। पलक तिवारी अपने हर अंदाज में बेहद ही कातिलाना नजर आती हैं। उनका हर लुक लोगों के बीच आते ही वायरल होने लगता है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

## खेल

# राजस्थान की गुजरात पर पहली जीत

सीजन की चौथी-संजू सैमसन ने खेली 60 रन की पारी, हेटमायर ने 26 बॉल पर जड़े 56 रन

अहमदाबाद। कप्तान संजू सैमसन और शिमरोन हेटमायर की तूफानी अर्धशतकों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-16 में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस पर पहली जीत दर्ज की है। टीम ने यह अति रोमांचक मुकाबला 3 विकेट से अपने नाम किया।



**हेटमायर की चौथी फिफ्टी**

रन 56*| गेंद 26 | 4/6 : 2/5 | स्ट्राइक रेट : 215.38

यह राजस्थान की मौजूदा सीजन की चौथी जीत है। टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। उसके नाम 8 अंक हैं, जबकि गुजरात के खाते में 6 अंक हैं।

अहमदाबाद के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 177 रन बनाए। 178 रन के टारगेट को राजस्थान के बल्लेबाजों ने 19.2 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया। हेटमायर ने टीम को छक्के के साथ जिताया। उन्होंने कुल 5 छक्के जमाए। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

दिन के पहले मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 5 विकेट से हराया।

### सबसे पहले मैच रिपोर्ट...

### आखिरी 9 ओवर में बने 117 रन

*178 के जवाब में राजस्थान की शुरुआत धीमी रही। टीम ने पावरप्ले में महज 26 रन बनाने में यशस्वी जायसवाल (1 रन) और जोस बटलर (0 रन) के विकेट गंवा दिए थे। 11 ओवर के बाद स्कोरबार्ड में टीम के 62 रन ही थे और चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे। ऐसे में संजू सैमसन और शिमोरन हेटमायर ने मैच विनिंग पारियां खेलीं। संजू ने 32 बॉल पर 60 और हेटमायर ने 26 बॉल पर 56 रन का योगदान दिया।*

*गुजरात के लिए मोहम्मद शमी ने तीन और राशिद खान ने दो विकेट लिए।*

*इससे पहले, गुजरात के ओपनर शुभमन गिल ने 34 बॉल पर 45, मिलर ने 30 बॉल पर 46 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 28, अभिनव मनोहर ने 13 बॉल पर 27 और साई सुदर्शन ने 19 बॉल पर 20 रन बनाए। संदीप शर्मा को दो विकेट मिले।*



**IPL में 7 साल बाद जीरो पर आउट हुए बटलर**

9 अप्रैल 2016 vs RPS | 16 अप्रैल 2023 vs GT*

## एक नजर

# सलीम दुर्रानी भारतीय क्रिकेट के प्रिंस थे : सलमान खुर्शीद

**नयी दिल्ली** । पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सलीम दुर्रानी की याद में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। दुर्रानी का दो अप्रैल को निधन हो गया था, वह 86 साल के थे। उनके चार दशक पुराने सहयोगी इंदर मलिक की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व क्रिकेटर, क्रिकेट कोच, खेल पत्रकार, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा दिल्ली के क्रिकेट प्रेमियों ने शरीक होकर दिवंगत दुर्रानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने दिवंगत दुर्रानी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके साथ बिताए हुए पलों को याद कर कहा कि सलीम जी एक ऐसे व्यक्ति थे जिनकी जितनी ही प्रशंसा की जाए कम पड़ जाएगी। उन्होंने कहा, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) बीयर की तरह है जबकि सलीम दुर्रानी वाइन की पूरी बोतल की तरह थे। मैं भी क्रिकेटर बनना चाहता था और सलीम साहब को खेलता देखने के लिये सेंट स्टीफेंस कॉलेज से भाग कर रणजी मैच देखने रेलवे स्टेडियम गया था। उनका जलवा ही अलग था।



# एक मैदान पर सर्वाधिक टी20 अर्द्धशतक बनाने का रिकॉर्ड कोहली के नाम

**बेंगलुरु** । रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में एक स्थल पर सर्वाधिक अर्धशतक दर्ज करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।



कोहली ने आरसीबी के घरेलू मैदान पर अपना 25वां टी20 अर्धशतक जमाकर यह कीर्तिमान रचा, जबकि इससे पहले यह रिकॉर्ड नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में 24 अर्धशतक जड़ने वाले एलेक्स हेल्स के नाम था।

आरसीबी के पूर्व कप्तान ने 33 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 34 गेंद 50 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

आईपीएल 2023 में कोहली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर तीन मैचों में तीन अर्द्धशतक बना चुके हैं। उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 44 गेंद पर 61 रन बनाने से पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद 82 रन बनाकर अपने अभियान की शुरुआत की थी।

कोहली ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 22 अर्द्धशतक और तीन शतक बनाए हैं। यह स्थल आईपीएल में कोहली के लिये एक यादगार मैदान रहा है क्योंकि उन्होंने यहां 2,539 रन बनाए हैं, जिसमें 19 अर्द्धशतक और तीन शतक शामिल हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, कोहली बेंगलुरु में पांच मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक बना सके हैं। उन्होंने चैंपियन्स ट्रॉफी 2011 के दौरान इस मैदान पर दो अर्द्धशतक बनाये थे।

# रणजी चैंपियन को अब मिलेंगे 5 करोड़

BCCI ने सभी घरेलू टूर्नामेंट की प्राइज मनी बढ़ाई; महिलाओं को 833% ज्यादा इनाम मिलेगा

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने घरेलू टूर्नामेंट की प्राइज मनी बढ़ाने की घोषणा की है। रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी समेत महिलाओं के घरेलू टूर्नामेंट की इनामी राशि भी बढ़ाई गई है। BCCI सचिव जय शाह ने इस बात की जानकारी रविवार शाम को सोशल मीडिया पर शेयर की। इसके मुताबिक, रणजी चैंपियन को अब दो करोड़ की जगह 5 करोड़ रुपए मिलेंगे।

वहीं महिलाओं की सीनियर वनडे ट्रॉफी चैंपियन को अब करीब 833% ज्यादा इनामी राशि मिलेगी। विमेन चैंपियन को पहले 6 लाख रुपए मिलते थे, लेकिन अब उन्हें 833% ज्यादा 50 लाख रुपए मिलेंगे।





### क्या कहा जय शाह ने?

जय शाह ने ट्वीट कर कहा, मुझे BCCI के सभी डोमेस्टिक टूर्नामेंट्स की प्राइज मनी बढ़ाने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हम घरेलू क्रिकेट में इन्वेस्ट करने के हमारे प्रयासों को लगातार जारी रखेंगे। घरेलू क्रिकेट ही असल में भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। रणजी चैंपियन को 2 से बढ़ाकर 5 करोड़ और सीनियर विमेंन चैंपियंस को 6 से बढ़ाकर 50 लाख रुपए मिलेंगे। सीनियर विमेंस वनडे ट्रॉफी विजेता को 6 की जगह 50 लाख और रनर-अप को 3 से बढ़कर 25 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं सीनियर विमेंस टी-20 ट्रॉफी चैंपियन को 5 से बढ़कर 40 लाख रुपए और रनर-अप को 3 से बढ़कर 20 लाख रुपए मिलेंगे।

# सचिन-अर्जुन IPL खेलने वाली पहली पिता-पुत्र की जोड़ी

अर्जुन ने KKR के खिलाफ किया डेब्यू, रोहित ने सौंपी कैप

आखिरकार अर्जुन तेंदुलकर को IPL में डेब्यू करने का मौका मिल गया। अर्जुन ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 16वें सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार के पहले मैच में डेब्यू किया। उन्हें मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने डेब्यू कैप दी। इसी के साथ सचिन तेंदुलकर और अर्जुन तेंदुलकर IPL में खेलने वाली पिता-पुत्र की पहली जोड़ी है। सचिन तेंदुलकर भी IPL में मुंबई इंडियंस की ओर से खेल चुके हैं।

अर्जुन को साल 2021 में पहली बार मुंबई इंडियंस ने 20 लाख रुपये में खरीदा था। उसके बाद 2022 में उन्हें 25 लाख रुपये में टीम में शामिल किया था। इस सीजन के लिए पिछले साल दिसंबर में हुए मिनी ऑक्शन में मुंबई ने उन्हें रिटेन किया था।



### अर्जुन का घरेलू क्रिकेट करियर

पहली बार अर्जुन तेंदुलकर ने गोवा की तरफ से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था। फर्स्ट क्लास में उन्होंने कुल 7 मैच खेलते हुए 547 रन और 12 विकेट चटकाए है। लिस्ट ए क्रिकेट में अर्जुन ने 7 मैचों में कुल 259 रन और 8 विकेट हासिल किए है। बता दें कि अर्जुन ने पहली बार हरियाणा के खिलाफ टी-20 में डेब्यू साल 2021 में किया था। उन्होंने अब कुल 9 मैच खेलते हुए 198 रन और 12 विकेट चटकाए है।

### सचिन तेंदुलकर का IPL करियर

सचिन तेंदुलकर ने कुल 78 मैच खेले, जिसमें 2334 रन बनाए। उनका औसत 33.83 और स्ट्राइक रेट 119.82 था।

# बिजली की आंख मिचौली से नगर के लोग परेशान

## 24 घंटे बिजली देने का वादा केवल कागजों पर

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

जिला मुख्यालय में बार-बार बिजली गुल की समस्या से उपभोग्ता परेशान हैं। इन दिनों दिन में कई बार लाईट गुल हो जाता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी पड़ रहा हैं, और बार-बार लाईट गुल होने से गर्मी से दिक्कतें बढ़ा दी है।




गर्मी और उमस से लोग पहले से परेशान है, और इधर रात के वक्त लाइट गुल होने से मच्छरों का प्रकोप बढ जाता है। वही ग्रामीण इलाकों के हालत बहुत बुरा हाल है। जहां अगर बिजली एक बार गोल हो गई तो बिजली लाइन ठीक करने सप्ताह भर से ज्यादा वक्त लग जाता है। तब कहीं जाकर गांव में बिजली पहुंचती है। वहीं सूरजपुर नगर पालिका क्षेत्र की कई वार्डों में मैं खास करके मस्जिद पारा मे बिजली की आंख मिचोली व लो वोल्टेज की शिकायत जादा है , सबसे अधिक परेशानी रात के वक्त हो रहा है, क्योंकि

### आखिर इस समस्या से कब मिलेगा निजात

रात में लो वोल्टेज की समस्या होने से मुश्किलें बढ़ा दी है। दूसरी और देखने को मिल रहा है कि नगर के कुछ क्षेत्रों में लाइट रहता है। और कुछ क्षेत्र में लाइट नहीं रहता है, इसको लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ लोगों में आक्रोश व्यक्त करते हैं। विद्युत विभाग के द्वारा संचालित शिकायत नंबर भी कॉल करने पर भी फोन नही लगता है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ जाती है।

### ग्रामीण क्षेत्रों की भी हालत खराब

वही ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली लाइन पहुंचाने का काम तेजी से किया जा रहा है। गांव तक बिजली पहुंच रही हैं लेकिन जब यहां सर्विस की बात आती है, तो आज भी ग्रामीण क्षेत्रों का बुराहाल है। अगर इन क्षेत्रों में अगर लाईट गुल हो जाती है. सुधार करने में कई दिनों भी समय लग जाता है। कई जगह पर इसे भी अधिक समय लग जाता है। जबकि जिले के अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंचने से यहां पर खपत बढ़ गई है। जहां कुलर, पंखा, फिर्जी, टेलीविजन, मोबाईल आदि का ग्रामीण इलाके में चलन बढ़ गया है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अव्यवस्था को लेकर लोगों समय-समय पर शिकायते कर परेशानियों से अवगत करते रहते है। लेकिन इनकी समस्याओं को नजर अंदाज कर दिया जाता है। हालात जस के तस रहते है। बिजली गुल होने के हालत के कारण ग्रामीण विद्युत उपकरण का पूरी तरह से लाभ फायदा नहीं उठा पाते है।

### बार-बार बिजली गुल से होती है दिक्क त

उपभोक्ताओं ने बताया कि बार- घंटे भर फुर्सत हो जाता है। बार बिजली गुल हो रहा है। कूलर, पंखा बंद हो जाता है जिसकी वजह से इन दिनों पढ़ने जिसकी वजह से गर्मी की मार वाली तेज गर्मी से लोग को काफी झेलनी पड़ रहा है। वही अगर रात परेशान हो रही हैं। उन्होंने बताया में लाइट बंद होता है, तो समस्या कि एक बार लाइट गुल हो गई तो और बढ़ जाती है।




### जल्द सुधार करवाया जाएगा

विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता बसंत सोम ने बताया कि मास्जीद पारा में नाली का निर्माण कार्य चालू है इस कारण अभी बीच में लाइट कटौती किया गया था बाकी आप के माध्यम से जानकारी मिली है मैं तत्काल जेई साहब को बोलकर इस समस्या को तत्काल सुधार करवाता हूं।

### गंभीरता से नहीं लेते अधिकारी

जैसी ही सरकार बदली, पहले की तरह समस्या पैदा होने लगी। अधिकारी बिजली की समस्या को गंभीरता से लेते नहीं है। कोई सवाल करता है, तो जवाब देने वाले नहीं है। सीधे मुंह बिजली विभाग के अधिकारी बात तक नहीं करत हैं। ऐसे में आम हो या खास सभी को परेशानी बढ़नी है। कम से कम बिन किसी आंधी-तूफान, पानी के बिजल घंटो क्यों बंद रहती है। अगर बंद कर कोई सुधार कार्य किया जाता है अचानक कोई समस्या आ भी गई, तो बकायदा इसकी जानकारी शहरवासियों को किसी न किसी माध्यम से दिया जा सकता है। लेकिन इतन सब करने की जहमत बिजली विभाग नहीं उठाता।

### मेन्टेन्स के नाम पर लाखों खर्च फिर भी व्यवस्था तार तार

*अनाप शनाप बिजली बिल के बाद अब विद्युत कटौती व आंख मिचौली से लोग बेहद हलाकान है।बिजली विभाग की अव्यवस्था यहाँ न केवल अधिकारियों पर भारी पड़ रही है बल्कि सरकार की भी भारी किरकिरी हो रही है।जिला प्रशासन इस अव्यवस्था पर खमोशी से सरकार की भदद पिटवाने में लगा है। सर प्लस बिजली व बिजली बिल हाफ का वायदा का दावा तार तार हो रहा है।जिला मुख्यालय में बिजली का आलम यह है कि सुबह सात बजते ही आंख मिचौली शुरू हो जाती है जो करीब करीब दो से चार घण्टे लगातार जारी रहती है।इसके बाद जो कटौती शुरू होती है तो फिर वह चार से पांच घण्टे तक बिजली का पता नही रहता।यह रोज की स्थिति है।अधिकारी सुधार की दिशा में क्या पहल करते है ये तो वही जाने पर उपभोक्ता इससे रोज दो चार हो रहा है।मेंटेनेंस के नाम पर लाखों खर्च के बाद भी शहर में लुंज पुंज तार व जगह जगह शार्ट सर्किट मेन्टेन्स में भ्र्ष्टाचार व अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करता है।*

# जिला पंचायत सीईओ ने निरंतर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यो का किया जा रहा अवलोकन



*** लोदाम, खूंटीटोली, घोलेंग, गिनाबहार और जामचुआं के सर्वे टीम तक पहुंच कर की चर्चा सर्वेक्षण के कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले में 01 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले के सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव द्वारा निरंतर भ्रमण कर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया जा रहा है। साथ ही सर्वे टीम को प्रोत्साहित कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में सीईओ यादव ने जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लोदाम, ग्राम पंचायत जामटोली एवं आश्रित ग्राम खूंटीटोली, ग्राम पंचायत घोलेंग और कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गिनाबहार एवं जामचुआं के सर्वे कार्य का निरीक्षण किया और सर्वे टीम से चर्चा करके प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जामटोली में सर्वे टीम से चर्चा कर एक अतिरिक्त टीम लगाकर सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं साथ ही घोलेंग में छूटे हुए 10 घर को शीघ्रता से पूर्ण करने की बात कही।



# खेजा व्यापारियों से मारपीट कर हत्या एवं लूट करने वाले नक्सली गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-दोरनापाल।

पुलिस बल एवं सीआरपीएफ का संयुक्त बल एरिया डोमिनेशन पर थाना पोलमपल्ली से ग्राम अरलमपल्ली मेडवाही की ओर रवाना हुये थे। एरिया डोमिनेशन के दौरान संयुक्त पार्टी अरलमपल्ली ग्राम मेडवाही के कच्ची रास्ता से होते हुये आ रही थी कि उसी दौरान दो व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे जिसे पुलिस की संयुक्त पार्टी द्वारा घेराबंदी कर दौड़ाकर पकड़ा गया पुछताछ करने पर दोनो ने अपना नाम क्रमशः, माड़वी सोमड़ा पिता स्व. माड़वी हिडमा उम्र 28 वर्ष जाति मूरिया,सोडी सन्ना पिता सोडी बुधरा उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया दोनों निवासी बड़ेपारा अरलमपल्ली का होना बताये जिनके कब्जे से आईईडी टीफि न बम करीबन,किलो का 02 नग इलेक्ट्रीक डेटोनेटर, 01 बन्डल बिजली का तार,01 नग स्वीच व 04 नग पेन्सिल बैटरी बरामद किया गया जिन्हें पूछताछ करने पर प्रतिबंधित माओवादी संगठन सीपीआई के अरमपल्ली पंचायत के अंतर्गत मिलिशिया सदस्य के रूप में कार्य करना बताये तथा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नियत से अरलमपल्ली मेड़वाही पहुंच मार्ग कच्छी रास्ते पर आईईडी बम लगाने के लिए जाना बताये तथा 08 अप्रैल 2023 को दोरनापाल के गांव-गांव में घुम कर सामान बेचने वाले व्यापारियों को मारपीट कर हत्या करने एवं मोटर सायकल, मोबाईल फ ोन, सामान लूटने की घटना में भी कोंटा एरिया कमेटी के कमाण्डर माड़वी हितेश उर्फ हुंगा एवं 10-12 अन्य माओवादीयों के साथ शामिल होना स्वीकार किया दोनों माओवादियों के विरुद्ध थाना दोरनापाल में अपराध क्रमांक 17/2023 धारा 3,4 विपअ अधि 34 भादवि पंजीबद्ध किया गया। जिन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जुडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक कमांडेंट 131 अभिषेक शंकर की आसूचना टीम का विशेष योगदान रहा।





## एक नजर

### लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों की सेवा समाप्ति हेतु कारण बताओ नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में पदस्थ लम्बे समय से बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है। इन सभी शिक्षकों को अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सेवा समाप्ति हेतु अग्रसर होने संबंधी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें समय सिंह सिदार सहायक शिक्षक एलबी विकासखण्ड खरसिया 17 जून 2021 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। इसी तरह सुमन अग्निहोत्री शिक्षक एलबी शा.पूर्व माध्यमिक शाला भालूमार विकासखण्ड घरघोड़ा 25 सितम्बर 2021 से, सुश्री लीमा एक्का प्रधान पाठक शा.मा.शाला धरमजयगढ़ कालोनी विकास खण्ड धरमजयगढ़ 4 जुलाई 2021 से एवं आरती दुबे लम्बे समय से बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है।

### मतदान गठन शाखा से संबंधित प्रशिक्षण 19 अप्रैल को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू संचालन हेतु मतदान दल एन्ट्री सॉफ्टवेयर पीपीएसई में जिले के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की डाटा प्रविष्ट के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण 19 अप्रैल 2023 को दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### पिकनिक मनाने फुटहामुड़ा गए छात्र की पानी में डूबने से मौत

**कोरबा ।** पिकनिक मनाने फुटहामुड़ा गए तीन स्कूली छात्र में एक की पानी में डूबने से मौत हो गई। जहां पर घटना हुई, उसे जोगी सुरंग कहा जाता है और बेहद गहरा है। इसका अंदाजा छात्र को नहीं लग सका और नहाने के लिए छलांग लगा दिया। उसके दो दोस्त इंतजार करते रहे, पर वह पानी से बाहर नहीं निकला, तब उन्हें समझ में आया कि वह डूब गया है। लगभग चार घंटे बाद पुलिस की रेस्क्यू टीम ने शव बरामद किया।

सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत मानसनगर निवासी साहिल साहू 17 वर्ष अपने दो अन्य दोस्तों के साथ बाल्को थानांतर्गत पिकनिक स्पाट फुटहामुड़ा जोगीसुरंग गया था। यहां कुछ देर सैर सपाटा करने के बाद तीनों फुटहामुड़ा में बहने वाले नाले में नहाने की योजना बनाई। बताया जा रहा है कि साहिल कपड़ा उतार कर सीधे जोगीसुरंग में छलांग लगा दिया। चूंकि वह बेहद गहरा स्थान था, इसलिए संभल नहीं सका और डूब गया। जब काफी देर तक साहिल बाहर नहीं आया, तब बाहर खड़े दोस्त घबरा गए। आसपास के लोगों को जानकारी दी, तब पता चला कि यह स्थल काफी गहरा है। आनन-फानन में घटना की सूचना बाल्को पुलिस को दी गई। स्थल पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर साहिल को पानी में ढूंढना शुरू किया। इस बीच स्वजन भी सूचना मिलने पर स्थल पर पहुंच गए।लगभग चार घंटे बाद शव बाहर निकालने में रेस्क्यू टीम को सफलता मिली।

पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि साहिल निर्मला स्कूल में 11 वीं में अध्ययनरत था। मानस नगर में उसके पिता रमेश साहू की इलेक्ट्रिकल सामानों की दुकान है। परिवार में दो भाई एक बहन है। इस घटना से स्वजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। मानस नगर में शोक की लहर दौड़ गई है।

### कोरबा सांसद 7 दिवसीय प्रवास पर, विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी

**कोरबा ।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत 15 से 22 अप्रैल तक संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगी एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को उनका कोरबा आगमन हुआ। 17 अप्रैल को सायं 6 बजे मेडिकल कॉलेज कोरबा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। रात्रि विश्राम कोरबा में करेंगी। 18 अप्रैल को स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगी। 19 अप्रैल को प्रातरू 10.30 बजे कोरबा से ग्राम राहा कटघोरा के लिए प्रस्थान करेंगी। दोपहर 5 बजे ग्राम कसरेंगा से बैकुंठपुर, जिला मनेंद्रगढ़.चिरमिरी-भरतपुर के लिए प्रस्थान करेंगी। शाम 7.30 बजे बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़.चिरमिरी.भरतपुर आगमन एवं रात्रि विश्राम करेंगी। 20 अप्रैल को प्रातरू 10.30 बजे बैकुंठपुर में आयोजित दिशा समिति की बैठक में सम्मिलित होंगी। 21 अप्रैल को प्रातरू 10.30 बजे बैकुंठपुर से मरवाही, गौरेला.पेण्ड्रा.मरवाही के लिए प्रस्थान करेंगी।

# कलेक्टर सिन्हा ने दृष्टिबाधित त्रिलोकी सिदार को जनचौपाल में दिया टेबलेट एवं राशन कार्ड

## त्रिलोकी ने कहा टेबलेट मिलने से अध्ययन में होगी अब आसानी, कलेक्टर सिन्हा ने जनचौपाल में सुनी जनसामान्य की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विकासखंड तमनार के ग्राम गौरबहरी निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग त्रिलोकी सिदार आज जनचौपाल में अध्यापन हेतु सहायक उपकरण एवं राशन कार्ड के लिए आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा को बताया कि वे शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित है एवं कालेज में अध्ययनरत है, कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन पर समाज कल्याण विभाग द्वारा टेबलेट की व्यवस्था की गई वहीं खाद्य विभाग द्वारा तत्काल राशन कार्ड बनाया गया।

जिसे मौके पर जनचौपाल में कलेक्टर सिन्हा ने त्रिलोकी सिदार को टेब एवं राशन कार्ड प्रदाय किया। आवेदक त्रिलोकी सिदार ने मौके पर टेबलेट प्राप्त होने से कलेक्टर सिन्हा को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे अब उन्हे अध्ययन में सहायता मिलेगी। इसी प्रकार विकासखंड खरसिया ग्राम केनाभांठा निवासी प्रदीप कुमार चन्द्रा दिव्यांग पेंशन एवं राशन कार्ड हेतु आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि वे दिव्यांग है, जिससे जीवन-यापन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने पेंशन एवं राशन कार्ड प्रदान करने का निवेदन किया, कलेक्टर सिन्हा ने विभागीय अधिकारी को आवेदन का निराकरण के निर्देश दिए।





### अधिकारियों को दिए आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर सिन्हा ने जनसामान्य से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। आज आयोजित जन चौपाल में कुल 87 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जन सामान्य की समस्याओं, मांग एवं शिकायत के प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। विकासखंड घरघोड़ा ग्राम चारमार के ग्रामीणों ने घरघोड़ा बस स्टैंड चौक में मंदिर और रोड़ पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि अतिक्रमण से मंदिर में लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने घरघोड़ा तहसीलदार एवं सीएमओ को कार्यवाही के निर्देश दिए। विकासखंड रायगढ़ ग्राम बरपाली के ग्रामीणों ने उचित मूल्य दुकान संचालक की शिकायत आवेदन लेकर जनचौपाल में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि जनवरी माह का शक्कर एवं नमक का वितरण हितग्राहियों को नहीं किया गया है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने उक्त आवेदन की जांच के निर्देश खाद्य विभाग को दिए। इसी तरह विकासखंड खरसिया के ग्राम कुनकुनी निवासी नान्हूराम भू-अर्जन राशि की मांग आवेदन लेकर आए थे, कलेक्टर सिन्हा ने एसडीएम खरसिया को आवेदन की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार विकासखंड रायगढ़ विनोबानगर बोईरदादर निवासी तुलसी साहू अपने बेटे को शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूल में प्रवेश एवं शिक्षण शुल्क में छूट प्रदान करने आवेदन लेकर जनचौपाल में पहुंची थी, उन्होंने बताया कि वे रोजी-मजदूरी कर जीवन-यापन करती है, इसके अलावा आय का कोई अन्य साधन नही है। जिससे शिक्षण शुल्क जमा करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूल में प्रवेश कराने का आग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने डीईओ को आवेदन पर उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। विकासखंड लैलूगा ग्राम कुंजारा निवासी जनेश्वर शासकीय पट्टा प्रदान करने आवेदन लेकर जनचौपाल आए थे, उन्होंने बताया कि वे उक्त भूमि पर कई वर्षो से काबिज है, उन्होंने शासकीय पट्टा प्रदान करने का आग्रह कलेक्टर सिन्हा से किया। कलेक्टर सिन्हा ने सहायक आयुक्त आदिम जाति को आवेदन की जांच कर उचित कार्रवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज आयोजित जन चौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, पेंशन, राशन आदि के आवेदन भी आए हुए थे, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित विभागों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डीआर रात्रे एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गर्मी शुरू होते ही नल जल योजना तोड़ रही दम

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सीएम की महत्वाकांक्षी योजना

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

जिले में नल जल योजना की अजब गजब कहानी है। शहरी क्षेत्र की क्या बात करें ग्रामीण क्षेत्र में भी नल जल योजना फ्लॉप हो गई है या कहीं पूर्ण रूप से समाप्त हो गई है। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांशत- स्टैंड पोस्ट से पानी ना निकलने के कारण या कहे नलके से पानी नहीं निकलने के कारण लकड़ी की टहनियों को अंदर डाल दिया गया है,



### क्या कहते है, ज़िमेदार अधिकारी

*सब इंजीनियर सुश्री सुभद्रा* -इस विषय में उप संभाग कुसमी की उप अभियंता सुश्री सुभद्रा से बात करना चाहा गया और उन्हें संबंधित ग्राम पंचायतों की समस्याओं के बारे में बताया गया उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई स्पष्ट जवाब ना देते हुए फोन काट दिया गया एवं दोबारा लगाने पर फोन रिसीव नहीं किया गया।*

विकासखंड में नल जल योजना के तहत जिस भी संवेदक को जैसे ठेकेदार संबंधित सभी इंजीनियर विभाग के अनुविभागीय अधिकारी, कुल मिलाकर कहें ऊपर से लेकर नीचे तक लाखों की लूट कर ली और ठेकेदार अपना भुगतान पाया और चलते बना वही लोग शुद्ध पानी की आस में नल की टोटी और पाइप को ही सालों से निहारते रह रहे हैं विकासखंड में लोगों को शुद्ध पानी पिलाने के लिए नल जल योजना चलाई गई जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र के भी विभिन्न इलाकों में नल जल योजना के पाइप बिछाने की प्रक्रिया हुई इसी कड़ी में आदिवासी विकास खंड कुसमी के ग्राम पंचायत कमलापुर जब हमारे संवाददाता ने इस विषय में ग्रामीणों से बात की तो ग्रामीणों ने बताया कि मात्र मेन रोड साइड ही पानी सप्लाई होता है बाकी हमारे बस्ती के पीछे भी नहीं पानी आता पकरी पारा में भी यही स्थिति बनी हुई है, बांस टोली, छापर टोली और परसा टोली, इन सभी टोला पारा में स्टैंड पोस्ट बनने के बावजूद भी पानी की एक बूंद भी नसीब नहीं हुई, वही ग्राम पंचायत जवाहर नगर के ऊपर पारा, किसान पारा एवं सरना पारा, की भी यही स्थिति है पानी की एक बूंद भी नल से नहीं निकल रही है । सबसे बड़ी गौर करने की बात तो यह है कि संबंधित ठेकेदारों को लगभग लगभग 80त्न राशि भुगतान भी कर दिया जा चुका है विभाग के अधिकारियों को यह चाहिए था कि अगर नल से पानी नहीं निकल रहा है तो संबंधित ठेकेदारों को नोटिस देकर उन्हें कार्य को पुनः सुचारू रूप से करने को कहा जाना चाहिए था लेकिन कमीशन खोरी के कारण संबंधित अधिकारियों की मुंह में चुप्पी सी लगी हुई है।

*अभी तो गर्मी अच्छे तरीके से शुरू भी नहीं हुई है और दूसरी गर्मी चुनावी साल की भी है अगर जनता का प्यास नहीं बुझा तो जनप्रतिनिधि भी प्यासे रह जाएंगे।

### आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

आम नागरिक अधिकारी, ठेकेदार या जनप्रतिनिधि जनता जवाब मांग रही है, साहब जमीनी स्तर पर जवाब दीजिए, एवम इन सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामों में जाकर जमीनी हकीकत देखी जा सकती है। किस तरह से शासन के पैसों का दुरुपयोग करते हुए आदिवासी जनता को उनके हक से वंचित रखा जा रहा है परिणाम स्वरूप अधिकारी मालामाल होते जा रहे हैं और ठेकेदार लखपति से करोड़पति। लेकिन आदिवासी क्षेत्रों में आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है या यूं कहें शासन की महत्वकांक्षी योजना जिसे राज्य एवं केंद्र संयुक्त रूप से संचालित कर रहा है एवं निर्धारित लक्ष्य 2024 तक की प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर में स्वच्छ पीने का पानी मुहैया कराने की जो सरकार की मंशा है उस पर फिलहाल अभी तक पानी फिरता दिख रहा है। आजादी के 75 साल बीतने के बाद भी आज तक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पानी पीने को नहीं मिलता यह अपने आप में बहुत ही शर्मसार करने वाली बात है कि शासन की लाख कोशिशों के बावजूद भी तानाशाह अधिकारी और भ्रष्ट ठेकेदार मिलकर किस तरह गरीब जनता के पैसों को चुना लगा रहे हैं यह प्रत्यक्ष रूप से दिख रहा है। इस कड़ी में इतना ही अगली कड़ी में फिर हमारे संवादाता के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर आम जनता की समस्याओं से रूबरू कराया जाएगा।

### अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी

परिमल तिवारी - इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा यह बताया गया कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है, अगर ऐसा है तो मैं उसे दिखाता हूं।

## एक नजर

### गौ अभ्यारण एवं गौ हत्या निषेध कानून प्रभावी रूप से लागू करने की रैली 19 अप्रैल को

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

गौ अभ्यारण एवं गौ हत्या निषेध कानून प्रभावी रूप से लागू करने की रैली के लिए दिया ज्ञापन भगवती मानव कल्याण संगठन सह भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में 19 अप्रैल दिन बुधवार को गायत्री मंदिर शक्ति से जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली जाएगी। लोचन प्रसाद राठौर भगवती मानव कल्याण संगठन भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जिला सक्ती छग द्वारा आयोजन करने की अनुमति चाही गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पद पर भर्ती हेतु 03 मई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कार्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति किया जाना है। जिसमें गढ़उपरोड़ा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कदमझरिया में कार्यकर्ता के 01 पद, बेला पंचायत के टापरा एवं बासीन के कोदवारी आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के एक.एक पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदिका 03 मई 2023 कार्यालयीन समय 5 बजे तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

### कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण 19 अप्रैल को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार निकट भविष्य में होने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के आम निर्वाचन 2023 की तैयारी हेतु मतदान दलों के गठन किए जाने हेतु कर्मचारी डाटा बेस तैयार करने के लिए कर्मचारी डेटा प्रविष्टि साफ्टवेयर प्रदाय किया गया है। उक्त सॉफ्टवेयर में विभागवार प्रविष्टि संबंधित विभाग के द्वारा की जानी है। कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में सभी विभागों के तकनीकी कर्मचारियों के लिये 19 अप्रैल 2023 को प्रातः 11 बजे से प्रशिक्षण जिला कार्यालय के मंत्रणा सभाकक्ष जशपुर में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभाग और कार्यालय प्रमुख को विभाग में पदस्थ अधिकारी को इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए संबंधित डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के साथ उपरोक्त प्रशिक्षण में अनिवार्यतः उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है। ताकि प्रविष्टि में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।

### जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम डण्डाजोर, निवासी स्व.दीपक खलखो की मधुमक्खी काटने से 20 सितम्बर 2021 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी नील सरिता खलखो हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार सन्ना विकासखण्ड के ग्राम इचौली, निवासी स्व.कुंवर साय पैकरा की आकाशीय बिजली से 26 अप्रैल 2020 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी बली बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### संदिग्ध अवस्था में मिली महिला की लाश

**गरियाबंद** । जिले में एक महिला की लाश संदिग्ध अवस्था में पड़ी हुई मिली। घटना छिंद तालाब के पीछे की है। वार्ड नंबर 1 थाना के पीछे अकेले जीवन बिताने वाली महिला गीताबाई उम्र 40 वर्ष की लाश आज सुबह उसके घर से काफी दूर छिंद तालाब के पास एक खेत में औंधे मुंह उल्टी पड़ी हुई मिली है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रायपुर से एफएसएल की टीम बुलाई है। लाश के हाथ में गुटका तथा कपड़े अस्त-व्यस्त मिले हैं।

## अग्निवीर हिशा बघेल छत्तीसगढ़ पहुंची, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

दुर्ग। छत्तीसगढ़ की पहली महिला अग्निवीर हिशा बघेल रविवार को अपने गांव बोरीगारका पहुंची। पिता की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए हिशा का भाई दुर्ग स्टेशन पहुंचकर बहन को गाड़ी बैठाकर लाया। और फिर पूरे गांव में रोड शो किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी उनका जोरदार स्वागत किया।



गाड़ी से उतरकर हिशा परेड करते हुए अपने घर की दहलीज पर पहुंचते ही?? मां से गले लगकर रोने लगी। पिता की फोटो पर माला चढ़ाकर उन्हें सैल्यूट किया। दरअसल हिशा के पिता ऑटो चालक थे, कैंसर की बीमारी से उनका निधन हो गया था। घर वालों ने पिता की मौत की खबर बेटी से छिपाकर रखी थी। जब हिशा अपने गांव पहुंची तब पता चला कि, उनके पिता इस दुनिया में नहीं हैं। हिशा के आंसुओं से घर के लोग दुखी न हो, इसलिए वह उसी तरह मुस्कुराती रहीं। उन्होंने अपने आंसुओं को रोकने के लिए काला चश्मा पहना हुआ था, लेकिन अपनी मां को देखते ही वह रोने लगीं। पूरे गांव वालों को पहले से पता था कि उनके गांव का नाम रोशन करने वाली बेटी हिशा बघेल 16 अप्रैल को दुर्ग आ रही हैं। इसलिए उन्होंने उसके स्वागत की तैयारी पहले से कर ली थी।

## पति को जमकर पिलाई शराब, फिर महिला को अगवा कर 3 रिश्तेदारों ने किया गैंगरेप

तखतपुर। एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक महिला के साथ उसके ही रिश्तेदारों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है. वहीं घटना के बाद पुलिस ने मामले के 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



आगे की कार्रवाई की जा रही है. जानकारी के अनुसार, पूरा मामला जिले के तखतपुर थाना क्षेत्र का है. जहां रिश्तेदारों ने पीड़िता के घर में मुर्गा-दारु की पार्टी की. इस दौरान पीड़िता के पति को आरोपियों ने पहले खूब शराब पिलाई. उसके बाद 2 आरोपी पीड़िता के पति को गांव की बस्ती में बछड़े खरीदने का झांसा देकर बछड़े की तलाश में निकल पड़े. जिसके बाद तीसरा युवक पीड़िता का अपहरण कर जंगल ले गया. वहीं पीड़िता का पति नशे में धुत होने के कारण बेहोश हो गया. उसके बाद उसके 2 और सहयोगी आए और तीनों ने मिलकर महिला के साथ गैंगरेप किया. घटना से पीड़िता बुरी तरह घायल हुई और बेहोश हो गई थी।

वहीं घटना के बाद पीड़िता ने 3 रिश्तेदारों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई. जिसके बाद पुलिस ने बिना देरी किए तीनों आरोपियों को धर दबोचा. आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जिले में तेजी से चल रहा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य

### अब तक 1 लाख 82 हजार से अधिक परिवारों का हुआ सर्वेक्षण



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले में छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के तहत अब तक 1 लाख 82 हजार 137 परिवारों का सर्वे कर लिया गया है। सर्वे की टीम द्वारा ग्राम पंचायतों व गांव में घर-घर जाकर प्राथमिकता से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा हैए ताकि शीघ्रता से सर्वे कार्य पूरा हो सके। अब तक 17 दिनों में 1 लाख 82 हजार परिवारों तक सर्वे टीम पहुंच चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर विकासखंड में 15868, मनोरा में 12924, कुनकुरी में 20762, दुलदुला में 12498, फरसाबहार में 28345, बगीचा में 33130, कांसाबेल में 20165 एवं पत्थलगांव में 38445 परिवारों का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए ऑनलाइन हुआ है।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकास खंडों के ग्रामों एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। सर्वेक्षण के माध्यम से जिले के 444 ग्राम पंचायत के 756 ग्राम के लगभग 2 लाख 40 हजार 102 परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इस हेतु जिले में 998 सर्वेक्षण टीम बनाया गया है। जो घर पहुंच कर सभी जानकारी ऑनलाईन कर रही है। जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सर्वेक्षण स्थलों में पहुंच कर सर्वे के कार्यों का लगातार जायजा लिया जा रहा है साथ ही सर्वे टीम को त्रुटिरहित डाटा ऑनलाइन करने की समझाइश दी जा रही है।

**17 दिनों में 1 लाख 82 हजार परिवारों तक पहुंची सर्वेक्षण टीम**



## जिला स्तरीय सामूहिक ब्रतोपनयन संस्कार 2023 की हुई समीक्षा बैठक

### कुल आय ब्यय और बचत के साथ प्रस्तुत की ब्रतोपनयन समिति ने ब्यौरा-अरुण पंडा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला उत्कल ब्राह्मण विकास संगठन एव कल्याण समिति द्वारा 29 व 30 मार्च 2023 को घरघोड़ा में हुये सामूहिक ब्रतोपनयन संस्कार की समीक्षा कर आय ब्यय का ब्योरा सभापति श्यामसुंदर पंडा संरक्षक दयानंद पंडा जिलाअध्यक्ष अरूण पंडा,चित्रसेन शर्मा,हरिहर प्रसाद होता,नीलांचल पंडा,मोहित रथ, देवेंद्र पंडा,अशोक पंडा एवं वरिष्ठ विप्रजनों की उपस्थिति में ब्रतोपनयन समिति 2023 द्वारा प्रस्तुत कर जिला कार्यकारिणी को सौंपी गई। प्रस्तुत ब्योरा में कुल खर्च और कुल बचत की कापी विप्रजनों के वाट्सएप समूह में प्रेषित की गई। बैठक का सुचारू संचालन अक्षय होता द्वारा किया गया। जगन्नाथ स्वामी के जयघोष से बैठक का शुभारंभ किया गया। सभापति एवं पदाधिकारीयों को मंचासीन करने पश्चात ब्रतोपनयन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र पंडा एवं कोषाध्यक्ष युगल किशोर पंडा ने आय ब्यय का ब्यौरा दिया। जिसमे कुल आय 8 लाख 839 रुपये तथा खर्च 6 लाख 72 हजार 215 रुपये एवं बचत 1 लाख 75 हजार 826 प्रस्तुत कर संमस्त दस्तावेज समेत बचत राशि को जिलाकार्यकारिणी को सौंपा गया।



जिन विप्रजनों को दायित्व दिया गया था वे समस्त अपने अपने दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वहन किया गया। निष्ठा एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य करने वाले समस्त पदाधिकारियों एव कार्यकर्ताओं द्वारा निभाये गये कार्यभार पर हर्ष जाहिर की गई। समाज को संगठित करने सदस्यता ग्रहण और समाज के विद्यार्थियों हेतु मोटिवेशनल गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। समाज के विप्रजनों में दयानन्द पंडा, राधेश्याम मिश्रा,हरिहर होता,राजेन्द्र शर्मा,दिनेश शर्मा,अशोक पंडा,भारत पंडा,संजय पंडा,दीपक शर्मा,युगल किशोर पंडा,नीलांचल पंडा,श्यामसुंदर पंडा ने उपनयन संस्कार आयोजन पर अपने उद्बोधन दिये और वर्ष 2023 के ब्रतोपनयन आयोजन को सफ ल और गरिमामयी बताया। जिलाध्यक्ष अरुण पंडा ने बताया कि रामनवमी पर्व पर 14 बटुकों का ब्रतोपनयन संस्कार संमस्त विप्रजनों के सहयोग से गरिमामयी ढंग से सम्पन्न किया गया। महिला पुरूष युवा टीम के द्वारा निष्ठापूर्ण किया गया कार्य प्रशंसनीय रहाएआय ब्यय का ब्यौरा पूर्ण पारदर्शिता के साथ बैठक में प्रस्तुत किया गया मैं जिलाध्यक्ष होने के नाते सभी के प्रति आभार ब्यक्त करता हूं और साधुवाद देता हूं। उक्त जानकारी जिला उत्कल ब्राह्मण विकास संगठन एवं कल्याण समिति के मीडिया प्रभारी दीपक आचार्य ने दिया।

# खेत किनारे मिला हाथी के शावक का शव

## मौत का कारण स्पष्ट नहीं, विभागीय जांच जारी

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़।

**वन मंडल धरमजयगढ़ के छाल रेंज अंतर्गत एक 5 साल के हाथी की मौत की घटना सामने आई है। इस मामले में ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के आला अधिकारी सोमवार को मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई में जुट गए।**



फिलहाल, इस हाथी के शावक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। छाल रेंज के बनहर बीट अंतर्गत चुहकीमार गांव से लगे हुए राजस्व क्षेत्र में मूंगफली व धान के खेतों के किनारे इस हाथी का शव बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि इन खेतों के किनारे फसलों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग किए जाने के निशान भी मिले हैं। इस घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज अंतर्गत बनहर बीट क्षेत्र में एक हाथी का शव स्थानीय ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। ज्ञात हो कि करीब छः महीने पहले छाल रेंज के हाटी सर्किल में एक हाथी की मौत हुई थी। बता दें कि वर्तमान विभागीय आंकड़ों में धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत कुल 47 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। सोमवार की रिपोर्ट के अनुसार रायगढ़ जिले की ओर से धरमजयगढ़ के नागदरहा इलाके में 20 हाथियों की आमद हुई है। फिलहाल क्षेत्र में मूंगफली की फसल बहुतायत मात्रा में लगाई गई है और हाथियों से मूंगफली व अन्य फसल नुकसान के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सोमवार को छाल रेंज के बनहर बीट में इस हाथी शावक का शव भी मूंगफली व धान के खेत किनारे मिला है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

### मृत हाथी मामले में क्या कहते हैं वन मंडलाधिकारी

धरमजयगढ़ डीएफओ अभिषेक जोगावत ने हाथी के मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि छाल रेंज के बनहर बीट में करीब 5 साल के एक नर हाथी का शव मिला है। हाथी के शव के सभी अंग सुरक्षित हैं। वहीं, करंट से इस हाथी की मौत की आशंका के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया करंट लगने से मौत होना प्रतीत नहीं हो रहा है, शव के पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की वजह सामने आ पाएगी। उन्होंने कहा इस मामले में विभागीय जांच की जा रही है।

### एक नजर

## कोरोना पेशेंट अस्पताल से गायब



**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में स्थित भानुप्रतापपुर के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक कोरोना पॉजिटिव महिला गायब हो गई है। अस्पताल के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, महेश्वरी नेताम पति धनेश कुमार जिसकी उम्र 35 साल है, थाना सिकसोड के गांव पोरोडी से यहां दो दिन पूर्व आई थी। उसे बुखार और हाथ-पैर में दर्द की शिकायत थी। 15 अप्रैल की शाम को उसे डॉक्टर मितेश रावटे की जांच के बाद एडमिट किया गया था और उसके सैंपल कोरोना टेस्ट के लिए भेजे गए थे। इसके बाद सोमवार को जब उसकी रिपोर्ट आई और उसे इस बात की जानकारी हुई कि वह कोरोना पॉजिटिव है, तो वह बिना किसी को कुछ बताएं अस्पताल से कहीं चली गई। अपना सामान भी उसने अस्पताल में ही छोड़ दिया है।

## शराब पीने के लिए पैसे नहीं थे तो हाईवा के चालक से की लूट, नाबालिग सहित चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** शराब पीने के लिए रुपये नहीं होने पर गांव के तीन युवकों ने लूट की योजना बना ली। इसके बाद तीनों ने मिलकर हाईवा चालक को रोककर उसके पास से 10 हजार रुपये लूट लिए। ड्राइवर की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से लूट की रकम और दो वाहन जब्त किए गए हैं। बलौदा बाजार जिले के ग्राम खम्हरिया में रहने वाले उमेश कुमार यदु ड्राइवर हैं। शुक्रवार की रात वे रेत लेकर पचपेड़ी आए थे। यहां रेत खाली करने के बाद वे अपने गांव लौट रहे थे। चिस्दा मेन रोड के पास बाइक और स्कूटी में आए युवकों ने उनकी हाईवा रोक ली। युवकों ने ड्राइवर को धमकाते हुए उसके पास रखे 10 हजार रुपये लूट लिए। ड्राइवर ने भाग रहे लुटेरों के एक वाहन का नंबर नोट कर लिया। उसने घटना की शिकायत पचपेड़ी थाने में की। इस पर पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी।



वाहन नंबर के आधार पर पुलिस ने चिल्हाटी निवासी सागर वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले तो वह गोलमोल जवाब दे रहा था। कड़ाई करने पर उसने अपने साथियों आदित्य केंवट और राजू केंवट के साथ मिलकर लूट करना बताया। इस पर पुलिस ने चार को गिरफ्तार कर लूट की रकम और घटना में प्रयुक्त बाइक व स्कूटी को जब्त कर लिया है। तीनों आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया है।

## स्टॉपडेम में नहाने गए एक नाबालिग समेत 2 की डूबने से हुई मौत

**बालोद।** नदी के स्टॉपडेम में नहाने गए एक नाबालिग सहित दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची सुरेगाव पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।





जानकारी के अनुसार टटेंगा गांव के दो युवक मृतक यश कुमार पनिका और अभिलेख यादव दोनों अपने गांव के पास लगे कसही (ट) और गन्धरी गांव के मध्य खरखरा नदी पर बने स्टॉप डेम मे नहाने गए थे। नहाने के लिए नाबालिग युवक ने पहले पानी मे छलांग लगाई। उसको डूबता देख दूसरे ने भी छलांग लगाई। लेकिन दोनों डूब गए। दोनों को वहां मौजूद लोगों ने बाहर निकाला और हॉस्पिटल राजनांदगांव ले गए। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में मातम पसर गया है। राजनांदगांव हॉस्पिटल में दोनों का पोस्टमार्टम कर शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

# छाल पुलिस ने लगाई जन चेतना शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-
कुडेकेला।



पुलिस अधीक्षक के आदेश के परिपालन में एसडीओपी खरसिया के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बीएस डहरिया एव हमराह स्टाफ द्वारा थाना छाल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोड़ी में जन चेतना शिविर लगाया गया शिविर में ग्राम पोड़ी के ग्रामीण सरपंच ,पंच महिलाएं पुरुष एवं बच्चे ,बुजुर्ग उपस्थित आए जिन्हें थाना छाल स्टाफ द्वारा महिला संबंधित अपराध, बैंकिंग फ्रॉड, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध, तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी देकर अपराध से बचाव के तरीकों एवं समझाइश दिया गया साथ ही सुरक्षित यातायात हेतु वाहन चलाने के दौरान ओवर स्पीड से बचने ,नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने,नाबालिक बच्चों को वाहन नही देने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने ग्रामीणों को जानकारी दी गई इसी प्रकार अपराधों से दूर रहने ,क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने कानून का पालन करने, तथा गांव में आने वाले बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों व उनके गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को दिए जाने हेतु समझाइश दी गई। तथा ग्राम पोड़ी निवासी द्वारा महुआ बिनने संबधी प्राप्त शिकायत की जांच गांव के सरपंच पंच एवम कोटवार की उपस्तिथि में दोनो पक्षों को जान चेतना शिविर में बुलाकर निराकरण किया गया जिसमे दोनो पक्ष राजी हो गए।

# भावना समूह की महिलाओं को मत्स्य पालन से मिला आर्थिक लाभ

## * मत्स्य पालन बना आजीविका का माध्यम * 1.50 क्विंटल मछली बेचकर कमाए 25 हजार रूपए

जोहार छत्तीसगढ़-
कोरबा।



पाली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बसीबार में भावना स्वसहायता समूह की महिलाएं गांव में ही मछली पालन करके आर्थिक लाभ कमा रहीं हैं। मछली पालन समूह की महिलाओं को आजीविका संवर्धन का माध्यम बन गया है। विगत सप्ताह समूह की महिलाओं ने डेढ़ क्विंटल मछली बेचकर 25 हजार रूपए कमाए हैं। कलेक्टर संजीव कुमार झा के द्वारा जिले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण महिलाओं के आजीविका संवर्धन एवं आर्थिक विकास के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके सकारात्मक परिणाम जिले में देखने को मिल रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत 11 हजार महिला स्वसहायता समूह का गठन किया गया है। जिसमें से 58 हजार महिलाएं कृषि, गैर कृषि, वनोपज, कृषि आधारित गतिविधियों से जुड़कर सतत् आजीविका से लाभान्वित हो रही हैं। ग्राम पंचायत बसीबार की 12 महिला सदस्यों ने भावना स्वसहायता समूह का गठन किया है। जिसकी अध्यक्ष कलेश्वरी बाई हैं। समूह की महिला सदस्यों द्वारा आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए विभिन्न गतिविधियां अपनाई जा रही है। इस समूह की महिलाएं गौठान से भी जुड़ी हैं। समूह की सदस्य श्रीमती रीमा कंवर ने बताया कि समूह के सदस्य विगत वर्ष से टारबांध के तालाब में मछली पालन कर रहे हैं। मछली पालन करने के लिए मत्स्य विभाग से उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि गांव के ही बांध में उन्होंने माह जुलाई में मछली बीज डाला था। जिसकी पर्याप्त देखरेख की गई तथा उन्हें पर्याप्त दाना दिया गया। तालाब में रोहू, कतला, मृगल, पेटली आदि का मत्स्य पालन किया जा रहा है। अब मछलियां विकसित होकर एक से डेढ़ किलो तक वजन की हो गई हैं। समूह के द्वारा विगत सप्ताह डेढ़ क्विंटल मछली जाल से पकड़ी, जिसे गांव में ही बेचकर 25 हजार रूपए कमाए हैं। बसीबार गांव में ही तथा आसपास के गांव नूनेरा, बांधाखार, जमनीमुड़ा, रैनपुर, केराकछार आदि के ग्रामीणों के द्वारा खरीदी गई। रमला कंवर कृषि मित्र ने बताया कि समूह की महिलाएं गौठान से जुड़कर गोबर बेचकरए खाद बनाकर आर्थिक लाभ तो प्राप्त कर रही रहीं हैं। इसके साथ ही गांव के ही तालाब में मत्स्य पालन करके लाभ प्राप्त कर रहीं हैं।




# बढ़ती गर्मी के मद्देनजर उमेश अग्रवाल ने स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग की

## जिला भाजपा अध्यक्ष नें कहा झुलसाने वाली गर्मी से बच्चे हो रहे हलाकान

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।

**बढ़ती गर्मी के मद्देनजर जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल द्वारा स्कुलो के दोपहर की बजाय सुबह लगाने मांग करते हुए कहा झुलसाने वाली गर्मी से स्कूली बच्चे हलाकान हो रहे है।**



दोपहर में लगने वाले स्कूलों को तेज गर्मी के मद्देनजर अपना समय परिवर्तित करते हुए प्रातः काल स्कूल लगाना चाहिए ताकि बच्चो एवम उसके पालकों को तेज गर्मी से राहत मिल सके।भाजपा नेता ने कहा तेज गर्मी की वजह से बढ़ती तपिश स्कूली बच्चो के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। तेज धूप और उमस भरी गर्मी की वजह से स्कूली बच्चो में लूका प्रकोप शुरू हो गया है। इस वजह से बच्चों को अनेक परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा। स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग को जायज ठहराते हुए उमेश अग्रवाल ने कहा भीषण गर्मी के दौरान भी जिले के सभी स्कूल प्रातः की बजाय दोपहर 11 बजे से शुरू हो रहे हैं। दोपहर को तेज गर्मी की वजह से बच्चों एवम उनके पालकों सहित शिक्षको को भी अंतहीन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। जिला प्रशासन को जमीनी हकीकत का पता कर शिक्षा विभाग को इस संबंध के आदेश जारी करने हेतु निर्देशित करना चाहिए।

# पढ़े लिखे लोगों के साथ शोषण कर रही भूपेश सरकार-ओपी चौधरी

## वेतन कटौती को ओपी ने अनुचित बताया

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।



पहली बार सरकारी नौकरी करने वालो का वेतन काटने के निर्णय को अव्यवहारिक बताते हुए प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रदेश के पढ़े लिखे लोगो के साथ भूपेश सरकार शोषण अत्याचार कर रही है। छत्तीसगढ़ी युवक युवतियों की ओर से भूपेश सरकार से पूछे सवाल में ओपी ने कहा प्रदेश के मुखिया पढ़े लिखे लोगो को कुछ ज्यादा ही ना पसन्द करते हैं। आपकी सरकार छत्तीसगढ़ के छोटे-छोटे गांव से निकलकर पढ़ाई लिखाई कर अपनी योग्यता के बल पर नौकरी हासिल करने वाले छत्तीसगढ़िया भाई बहनों के साथ शोषण व अत्याचार का नए-नए तरीके इजाद कर रही है। जिसके तहत पहली बार नौकरी करने वालो का उत्साह वर्धन करने की बजाय उनके वेतन में पहले वर्ष तीस प्रतिशत दूसरे वर्ष बीस प्रतिशत तीसरे वर्ष दस प्रतिशत की कटौती की जा रही है। इस तरह से कटौती को अव्यवहारिक बताते हुए ओपी ने कहा सरकार बनते ही शोषण का नया तरीका खोज लिया। वेतन कटौती का निर्णय सीधे तौर पर छत्तीसगढ़ियो के हक पर प्रहार निरूपित करते हुए ओपी ने इस निर्णय को वापस लेने की मांग भी की है। ऐसा अदूरदर्शी निर्णय देश के किसी भी राज्य में लागू नहीं है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान यह निर्णय लागू किया गया था लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही इसे कर्मचारियों के हित में तत्काल वापस लिया गया। प्रशिक्षण की अवधि में सेवा रत कर्मचारी हड़ताल में शामिल नहीं हो सकते इस वजह से उनका अनावश्यक शोषण जारी है। इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए।

# भाजपा महिला मोर्चा धरमजयगढ़ की परिचयात्मक बैठक संपन्न

## किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं प्रभारी ने किया मार्गदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-
धरमजयगढ़।

**भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ आगामी चुनाव को लेकर कमर कस चुकी है। जिसके लिए बूथ स्तरों पर बैठक शुरू हो गई है। वहीं मोर्चा प्रकोष्ठों का गठन भी पूर्ण हो चुका है। मंडल धरमजयगढ़ में भी महिला मोर्चा की नई टीम गठित की गई है।**



जिनका 16 अप्रैल को परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल ने महिला मोर्चा की नई टीम को बधाई शुभकामनाएं दी। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शोभा शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसे भलीभांति निर्वहन करते हुए पार्टी द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को पूरा करना है। महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य शीला तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। जिसमें हम सभी का सहयोग करने की आवश्यकता है। महिला मोर्चा प्रभारी मंजुलता नायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार वादा खिलाफी कर रही है। कांग्रेस राज में प्रदेश में अहिंसा बढ़ते जा रही है। महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अनुषा कातोरे ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं अपनी संस्कृति की जानकारी देना है। जिसे महिला मोर्चा भलीभांति कर सकती है। महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वीणा विश्वास ने कहा कि केंद्र सरकार मोदी के नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है। जिसे घर घर तक पहुंचाना है। वहीं एकजुटता के साथ राज्य की भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकना है। बैठक को भाजपा मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष राशि बाई ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिल्पा भारती एवं लवीना यादव ने की। इस अवसर पर भाजपा एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in